RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 313 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 04 नवंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## उत्तराखंड में बड़ा हादसा
# खाई में गिरी बस, 38 यात्रियों की मौत

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हादसे पर दुःख जताया
- मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक मदद
- घायलों को किया गया एयरलिफ्ट

**उत्तराखंड ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा से बड़ी खबर आ रही है। यहां एक बस गहरी खाई में गिर गई जिसमें अब तक 38 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। सल्ट विकासखंड के कुपी क्षेत्र में बस दुर्घनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में बस में सवार 38 लोगों की मौत हो गई। जबकि 16 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची प्रशासन और पुलिस की टीम ने घायलों को रेस्क्यू कर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। 18 लोगों की मौके पर और दो गंभीर घायलों ने रामनगर अस्पताल में दम तोड़ा।

जानकारी अनुसार रोज की तरह गढ़वाल मोटर्स की बस सोमवार सुबह पौड़ी जिले के गोलीखाल से यात्रियों को लेकर रामनगर की ओर से रवाना हुई। बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। लेकिन सल्ट के कुपी क्षेत्र पहुंचते ही अचानक चालक ने बस से नियत्रंण खो दिया। अनियंत्रित बस गहरी खाई में जा गिरी। बस अनियंत्रित होते ही सवार लोगों की चीख पुकार मच गई।

हादसे में 20 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल 18 यात्रियों ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ओर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू अभियान में जुट गई।

बस नैनीडांडा के किनाथ से रामनगर जा रही थी। जैसे ही बस मार्चुला के पास पहुंची तो सारड बैंड के पास नदी में गिर गई। बस के नदी में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ लोग बस से छिटककर नीचे गिर गए।

बस 40 सीटर थी। बस में 55 से ज्यादा यात्री थे। आपदा प्रबंधन अधिकारी अल्मोड़ा विनीत पाल ने बताया कि 38 यात्रियों की मौत हो चुकी है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। टीम रेस्क्यू में जुटी है।



### मुआवजे का एलान

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी और अल्मोड़ा के संबंधित क्षेत्र के एआरटीओ प्रवर्तन को निलंबित करने के निर्देश दिए। सीएम ने मृतक परिजनों को 4-4 लाख रूपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये की सहायता राशि देने का निर्देश दिया है। आयुक्त कुमाऊं मंडल को घटना की मजिस्ट्रेट जांच के निर्देश दिए गए हैं।



## दिल्ली-नोएडा में छाया स्मॉग
### लाल की श्रेणी में पहुंचा नोएडा का प्रदूषण



**दिल्ली ( एजेंसी )।** दीपावली के बाद राजधानी दिल्ली व एनसीआर के वातावरण में स्मॉग बना हुआ है। इस वजह से सोमवार को दिल्ली में लगातार छठे दिन एयर इंडेक्स बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। इससे लोगों की सांसों पर आफत बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में अभी प्रदूषण से राहत मिलने की संभावना नहीं है। वहीं नोएडा में भी प्रदूषण लाल श्रेणी में बना हुआ है।

सोमवार को आंशिक कोहरा होने से आइजीआई एयरपोर्ट पर सुबह करीब आठ बजे न्यूनतम दृश्यता 2000 मीटर से घटकर 1300 मीटर हो गया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही दृश्यता के स्तर में सुधार हो गया।

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दिल में आकाश साफ रहेगा और दिल्ली स्मॉग की चादर में लिपटी रहेगी।

सीपीसीबी के अनुसार सुबह के वक्त दिल्ली का एयर इंडेक्स 373 रहा। इस दौरान दिल्ली के 11 इलाकों में एयर इंडेक्स 400 से अधिक गंभीर श्रेणी में रहा। आनंद विहार में एयर इंडेक्स सबसे अधिक 432 रहा।

बीते 24 घंटों में नोएडा शहर का प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। रविवार को नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 313 अंक लाल श्रेणी में दर्ज हुआ है। एनसीआर के प्रदूषित शहरों की सूची में नोएडा दिल्ली के बाद दूसरे स्थान पर रहा। हवा की गति और दिशा में बदलाव होने से बीते 24 घंटों में नोएडा का प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। आज नोएडा के सेक्टर-116 में एक्यूआई 299, सेक्टर-125 में 306 तथा ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-III। में 282 दर्ज किया गया।

# कनाडा में हिन्दुओं पर हमला
## खालिस्तान समर्थकों ने लाठी-डंड़ों से पीटा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर पर हुए हिंसक हमले के तुरंत बाद ओटावा में भारतीय उच्चायोग का बयान सामने आया है। हिन्दुओं पर हमले के बाद भारत और कनाडा में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस हमले की भारतीय उच्चायुक्त ने कड़ी निंदा की है। बताया जाता है कि मंदिर के पास एक वाणिज्य दूतावास शिविर आयोजित किया जा रहा है और यह सब उसी दौरान हुआ।

उच्चायोग ने कहा कि ये बेहद परेशान करने वाला है और नियमित वाणिज्य दूतावास कार्य के दौरान इस तरह के 'व्यवधान' की अनुमति दी जा रही है।

उच्चायोग ने कहा कि स्थानीय सह-आयोजकों के पूर्ण सहयोग से हमारे वाणिज्य दूतावासों द्वारा आयोजित किए जा रहे नियमित कांसुलर कार्य के लिए इस तरह के व्यवधानों को अनुमति देना बेहद निराशाजनक है। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं, जिनकी मांग पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

बयान में कहा गया कि भारत विरोधी तत्वों के इन प्रयासों के बावजूद, हमारा वाणिज्य दूतावास भारतीय और कनाडाई आवेदकों को 1000 से अधिक जीवन प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम रहा है।



### ट्रूडो ने की निंदा



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर पर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कनाडाई को स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से अपनी मान्यताओं का पालन करने का अधिकार है। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार पील रीजनल पुलिस ने कहा कि ब्रैम्पटन में एक हिंदू मंदिर में विरोध प्रदर्शन हुआ और सोशल मीडिया पर सर्कुलेट अनवैरिफाइड वीडियो में प्रदर्शनकारियों को खालिस्तान के समर्थन में बैनर पकड़े हुए देखा गया।

## गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से डेढ़ किलो अवैध गांजा बरामद किया है। थाना सेक्टर-49 ने बताया कि बीती रात को एक सूचना का आधार पर उपनिरीक्षक विपिन कुमार ने आशीष उर्फ भूतनी पुत्र राधेश्याम को बरौला गांव के शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि तलाशी लेने पर इसके पास से डेढ़ किलो गांजा मिला है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया है कि वह काफी दिनों से अवैध रूप से गंजा बेच रहा था। पुलिस ने बताया कि एक अन्य मामले में उप निरीक्षक विपिन कुमार ने दिलखुश यादव उर्फ मोहित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इसके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इसकी गिरफ्तारी बरौला गांव के गंदे नाले के पास से हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी लूटपाट करने की नियत से घूम रहा था।

## स्कूटी से घर जा रही युवती की हादसे में मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक युवती की जान चली गई। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



थाना सूरजपुर पुलिस ने बताया कि बीती रात को अखिलेश तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी भतीजी तान्या तिवारी निवासी पैरामाउंट सोसाइटी अपनी स्कूटी पर सवार होकर मेट्रो स्टेशन से घर जा रही थी, तभी एक अज्ञात कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित के अनुसार उनकी भतीजी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही।

## छठ पर घर जाने वालों की रेलवे स्टेशनों पर लगी भीड़




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** छठ पर्व के चलते रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। भारतीय रेलवे लगातार छठ पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करवा रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। वहीं, कई स्टेशनों पर तो लोगों (शेष पृष्ठ-4 पर)

## रेस्टोरेंट में पति ने पत्नी पर चाकू से किया वार
### महिला को कैंची मारने वाला गिरफ्तार



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-18 स्थित एक रेस्टोरेंट में आये पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति ने पत्नी पर चाकू से वार कर दिया, जिससे पत्नी घायल हो गई है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वही एक अन्य घटना में एक व्यक्ति (शेष पृष्ठ-4 पर)

## लखनऊ में अखिलेश के पोस्टर ने फिर बटोरी चर्चा
### पोस्टर में अखिलेश को बताया 2027 का महानायक

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के बीच लखनऊ में समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर लगा एक और पोस्टर चर्चा में आया है. इस पोस्टर में सपा मुखिया अखिलेश यादव को 2024 का जननायक और 2027 का महानायक बताया गया है। इससे पहले जो पोस्टर चर्चा में आया था, उसमें अखिलेश यादव को सत्ताईस का सत्ताधीश बताया गया था।

सपा दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर में अखिलेश यादव की फोटो के साथ लिखा है- '2024 का जननायक, 2027 का महानायक' इस पोस्टर को झांसी में समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने लगवाया है।




इससे पहले अखिलेश यादव के लिए एक और पोस्टर लगाया गया था, जोकि चर्चा में आ गया था। इस पोस्टर में सपा मुखिया को सत्ताईस का सत्ताधीश बताया गया था। इसे संत कबीर नगर के सपा नेता जयराम पांडे ने लगवाया है। वो जिले की मेहंदावल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी की टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। इस पोस्टर में लिखा- '24 में बरसा जनता का आशीष, दीवारों पर लिखा है, कौन होगा सत्ताईस का सत्ताधीश' जयराम पांडे के इस पोस्टर की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हुई।

सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103

## सरकार को फटकार

पहले से ही उम्मीद थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, वैसा हुआ भी। पहले से ही दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का संकट बढ़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बार-बार हमारा ध्यान खींचती रहीं। पिछले दिनों खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिये जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, इस मौसम में हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह स्थिति तभी बदलेगी जब लोगों की तरफ से भी ईमानदार पहल होगी। अब चाहे बात राष्ट्रीय सरोकारों की हो, पानी संकट की हो या फिर प्रदूषण की हो। जब नागरिकों को अहसास होगा कि बिना पटाखे छुड़ाए भी खुशी मनायी जा सकती है तो हम समाज के लोगों, जीव-जंतुओं व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकेंगे। बात तब बनेगी जब हम बच्चों के पाठ्यक्रम में यह बात शामिल करेंगे कि उनके भविष्य के लिये पर्यावरण, पानी व हवा की रक्षा कितनी जरूरी है। बच्चों को अहसास कराएं कि जिस तरह से बड़े लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उससे उनके भविष्य के लिये पानी का संकट गहरा हो जाएगा। इसके लिये टीवी, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जा सकते हैं। इस अभियान में सूचना माध्यमों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है। दरअसल, ग्रीन ट्रिब्यूनल या अन्य प्रदूषण नियंत्रक संस्थाएं अकसर राज्यों के सचिवों व अधिकारियों को दंडित करने की बात करती हैं, लेकिन इससे समस्या का समाधान संभव नहीं है। दरअसल, जब तक नागरिकों व किसानों को जागरूक -जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। हम भूल जाते हैं कि इस संकट को बढ़ाने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दरअसल, बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले राजनेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? सही मायनों में जहां पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां क्षेत्र के विधायकों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए कि वे क्षेत्र के किसानों को जागरूक क्यों नहीं कर पाते। क्यों वे पराली के निस्तारण के वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराने में किसानों का सहयोग नहीं करते? विडंबना यही है कि वे वोट की राजनीति के प्रलोभन में पराली जलाने के खिलाफ आवाज उठाने में चुप्पी साध लेते हैं। उनके खिलाफ भी तो लापरवाही के मामले दर्ज होने चाहिए। वहीं यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने, शैक्षिक पाठ्यक्रम में प्रदूषण-पर्यावरण के मुद्दे शामिल करने तथा तंत्र की जवाबदेही तय करना प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि हम ऐसा करें तो साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण संकट पर किसी तरह लगाम लगाने में हम कामयाब हो सकते हैं। साथ ही हर साल वायु प्रदूषण से होने वाली लाखों मौतों को हम रोक पाने में कामयाब हो सकते हैं। शासन को भी आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से बचना होगा और दूरगामी प्रभावों वाली नीतियां लागू करनी होंगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि नारदजी के वचन रहस्य से युक्त और सकारण हैं और शिवजी समस्त सुंदर गुणों के भण्डार हैं। यह विचारकर तुम ( मिथ्या ) संदेह को छोड़ दो। शिवजी सभी तरह से निष्कलंक हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सुनि पति बचन हरषि मन माहीं। गई तुरत उठि गिरिजा पाहीं॥**
**उमहि बिलोकि नयन भरे बारी। सहित सनेह गोद बैठारी॥**

पति के वचन सुन मन में प्रसन्न होकर मैना उठकर तुरंत पार्वती के पास गईं। पार्वती को देखकर उनकी आँखों में आँसू भर आए। उसे स्नेह के साथ गोद में बैठा लिया॥

**दो0-बारहिं बार लेति उर लाई। गदगद कंठ न कछु कहि जाई॥**
**जगत मातु सर्बग्य भवानी। मातु सुखद बोलीं मृदु बानी॥**

फिर बार-बार उसे हृदय से लगाने लगीं। प्रेम से मैना का गला भर आया, कुछ कहा नहीं जाता। जगज्जननी भवानीजी तो सर्वज्ञ ठहरीं। (माता के मन की दशा को जानकर) वे माता को सुख देने वाली कोमल वाणी से बोलीं- ॥

**दो0-सुनहि मातु मैं दीख अस सपन सुनावउँ तोहि।**
**सुंदर गौर सुबिप्रबर अस उपदेसेउ मोहि॥**

माँ! सुन, मैं तुझे सुनाती हूँ, मैंने ऐसा स्वप्न देखा है कि मुझे एक सुंदर गौरवर्ण श्रेष्ठ ब्राह्मण ने ऐसा उपदेश दिया है- ॥

(क्रमशः:..)

# ब्रिक्स समूह देशों के सम्मेलन में बढ़ा है भारत का कद

हाल ही में ब्रिक्स समूह के देशों का सम्मेलन रूस के कजान शहर में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में रूस ने भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत तो किया ही, साथ ही, चीन के राष्ट्रपति के साथ भी भारत के प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई। इस वार्ता में चीन ने भारत की सीमा के पास जमा कर रक्खे अपने सैनिकों को पीछे हटाकर, सीमा पर वर्ष 2020 की स्थिति बहाल करने की घोषणा की है। भारत को भी अपने सैनिकों को सीमा पर पीछे की ओर ले जाना होगा। इससे भारत एवं चीन की सीमा पर पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रहे तनाव को कम करने में सफलता हासिल होगी। इस संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों में छपी जानकारी के अनुसार चीन एवं भारत ने अपने 80 से 90 प्रतिशत सैनिकों को वापिस पीछे की ओर हटा लिया है। चीन और भारत के आपस में सम्बंध सुधरने का असर केवल इन दोनों देशों के आपसी तनाव को ही कम नहीं करेगा बल्कि इन सम्बन्धों में सुधार का असर आर्थिक क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा। दरअसल चीन आज आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, चीन में आर्थिक विकास की दर तिमाही दर तिमाही कम हो रही है। चीन के अमेरिका के साथ सम्बंध बहुत अच्छे नहीं रहे है। अमेरिका एवं कई यूरोपीयन देशों ने चीन से विभिन्न वस्तुओं के आयात पर करों को बढ़ा दिया है ताकि चीन से आयात को कम किया जा सके। चीन की आंतरिक अर्थव्यवस्था में भी उत्पादों की मांग लगातार कम हो रही हैं। साथ ही, चीन के भवन निर्माण क्षेत्र एवं बैकिंग क्षेत्र में भी कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। चीन के अपने पड़ोसी देशों, ताइवान, फिलिपींस, जापान, भारत आदि के साथ भी सम्बंध लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस सबका असर यह रहा है कि चीन ने भारत के साथ अपने सम्बन्धों को सुधारने की पहल शुरू की है ताकि वह भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ा सके एवं अपनी आर्थिक स्थिति को कुछ हद्द तक सुधार सके। हालांकि चीन के विस्तरवादी नीतियों पर चलने के कारण चीन पर तुरंत विश्वास करना बहुत कठिन है। इस संदर्भ में चीन का इतिहास भी इस बात का साक्षी नहीं रहा है कि चीन के सम्बंध किसी भी देश के साथ स्थायी रूप से बहुत अच्छे रहे हों।

ब्रिक्स देशों में विश्व की 45 प्रतिशत आबादी निवास करती है, पूरे विश्व की 33 प्रतिशत भूमि इन देशों के पास है एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत हिस्सेदारी ब्रिक्स के सदस्य देशों की है। ब्रिक्स समूह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह गैर पश्चिमी देशों का एक समूह जरूर है, परंतु वह पश्चिमी देशों के विरुद्ध नहीं है। ब्रिक्स समूह को स्थापित करने वाले देशों में ब्राजील, रूस, भारत एवं चीन थे एवं वर्ष 2009 में दक्षिणी अफ्रीका को भी इस समूह में शामिल कर इस BRICS का नाम दिया गया। आगे चलकर मिश्र (ईजिप्ट), ईथीयोपिया, ईरान, सऊदी अरब एवं यूनाइटेड अरब अमीरात को भी ब्रिक्स समूह में शामिल कर इस समूह का विस्तार किया गया। आज विश्व के कई अन्य देश भी ब्रिक्स समूह के सदस्य बनकर ग्लोबल साउथ की आवाज बनना चाहते हैं। हाल ही में रूस के कजान शहर में सम्पन्न ब्रिक्स समूह के सम्मेलन में स्थायी, अस्थाई एवं आमंत्रित 36 देशों ने भाग लिया। ब्रिक्स के इस सम्मेलन में इस विषय पर भी विचार किया गया कि ब्रिक्स देशों के पास एक अपना पेमेंट सिस्टम होना चाहिए एवं वैश्विक स्तर पर हो रहे व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहिए। पश्चिमी देश वर्तमान में पूरे विश्व में लागू स्विफ्ट सिस्टम का दुरुपयोग कर रहे हैं एवं इसके माध्यम से अन्य देशों पर अपनी चौधराहट स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। स्विफ्ट सिस्टम के माध्यम से पूरे विश्व के देशों के बीच धन सम्बंधी व्यवहारों को सम्पन्न किया जाता है। यदि किसी देश को इसकी सदस्यता से हटा लिया जाता है तो वह देश विश्व के अन्य देशों के साथ आर्थिक (धन सम्बंधी) व्यवहार नहीं कर सकता है। रूस यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने जब रूस पर सैंक्शन लगाए थे तब रूस को स्विफ्ट सिस्टम से हटा दिया गया था जिससे रूस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने व्यापार के




*ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ही भारत एवं चीन के बीच हाल ही में सम्पन्न हुए बॉर्डर समझौते के बावजूद भारत को चीन से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अपनी गहरी नजर बनाए रखना चाहिए। भविष्य में भी भारत को चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति सोच समझकर ही देना चाहिए।*

लेनदेनों का निपटान करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस संदर्भ में, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारत में लागू यूनिफाईड पेयमेंट सिस्टम (यूपीएस), जिसे भारत में ही विकसित किया गया है, को भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों में लागू करने पर विचार करने हेतु समस्त सदस्य देशों से आग्रह किया है। अभी तक भारत के यूनीफाईड पेयमेंट सिस्टम को 7 देशों ने अपना लिया है एवं 30 से अधिक देश इसे अपनाने के लिए विचार कर रहे हैं। भारत में यह सिस्टम बहुत ही सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है। दूसरे, पूरे विश्व में डॉलर के प्रभाव को कम करने हेतु भी ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच चर्चा हुई है। डॉलर के स्थान पर ब्रिक्स करेन्सी को अपनाने अथवा ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों की बीच हो रहे व्यापार सम्बंधी व्यवहारों के निपटान हेतु ये देश आपस में अपनी करेन्सी के उपयोग पर जोर देने पर भी सहमत होते दिखे हैं।

ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान ही भारत एवं चीन के बीच हाल ही में सम्पन्न हुए बॉर्डर समझौते के बावजूद भारत को चीन से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अपनी गहरी नजर बनाए रखना चाहिए। भविष्य में भी भारत को चीन से होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति सोच समझकर ही देना चाहिए। क्योंकि, चीन के इतिहास को देखते हुए उस पर आज भी विश्वास नहीं किया जा सकता है। भारत ने हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को निर्धारित किया है। चीन के साथ भारत के सम्बंध सुधरने के पश्चात इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आसानी हो सकती है। परंतु, यह कार्य फिर भी बहुत सोच समझकर ही करना होगा। चीन के साथ भारत का विदेशी व्यापार अत्यधिक मात्रा में ऋणात्मक ही है। भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में चीन से 12,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि के उत्पादों का आयात किया था, परंतु भारत से चीन को निर्यात बहुत ही कम मात्रा में हो रहे हैं तथा चीन द्वारा भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी बहुत कम मात्रा में ही किए जा रहे हैं। चीन, भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले देशों की सूची में 22वें स्थान पर है और भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.37 प्रतिशत की ही है। यह सही है कि चीन के साथ बॉर्डर समझौते के बाद चीन से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ सकता है परंतु भारत को चीन के इतिहास को देखते हुए अभी भी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच आज भारत का कद तो बढ़ ही रहा है, साथ ही, आज विश्व के कई देशों द्वारा यूरोप एवं अमेरिका के प्रभाव से बाहर निकलने के प्रयास भी लगातार किए जा रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति ने ब्रिक्स समूह की बैठक में बताया है कि विश्व के कई देश आज ब्रिक्स समूह की सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं। इस प्रकार, ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिणी अफ्रीका) एवं शंघाई समूह आदि संगठन बहुत तेजी से अपने प्रभाव को वैश्विक स्तर पर बढ़ा रहे हैं। दरअसल, आज अमेरिका सहित यूरोपीयन देशों (फ्रान्स, जर्मनी, ब्रिटेन आदि) की आर्थिक परिस्थितियां लगातार बिगड़ती जा रही हैं और इन देशों की आर्थिक प्रगति धीमे धीमे कम हो रही है और ये देश मंदी की चपेट में आने की ओर आगे बढ़ रहे हैं जबकि आर्थिक विकास की दृष्टि से यह सदी अब भारत की होने जा रही है। आने वाले समय में, वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वार्धिक वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 16 प्रतिशत तक होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। अतः विश्व के कई शक्तिशाली देश आज भारत के साथ अपने सम्बन्धों को मजबूती देना चाहते हैं, इसी के चलते ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के बीच भी भारत का कद अब बढ़ता दिखाई दे रहा है।

**- प्रहलाद सबनानी**
**सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**

# योगी और अखिलेश के लिए बने प्रतिष्ठा का सवाल!



*गौरतलब है कि लोकसभा में भाजपा से ज्यादा सीट समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठजोड़ में जीती ली थी और ऐसे में अघोषित तौर पर योगी के खिलाफ एक वातावरण निर्मित किया गया था जिसमें दोनों उपमुख्यमंत्रियों के कंधे से योगी को निशाने पर लिया गया था।*

उत्तर प्रदेश में इस माह में होने जा रहे 9 विधानसभाओ के उपचुनाव के परिणामों का असर ना तो उत्तर प्रदेश की राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार पर पड़ने वाला है और ना ही लोकसभा की नरेन्द्र मोदी सरकार पर।फिर भी इन उपचुनाव को भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी दोनों ने ही अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। कारण भी है कि इन चुनावों में कांग्रेस मैदान में नहीं है और मुकाबला बीजेपी और सामाजवादी पार्टी में है। 13 नवंबर को जिन सीटों पर चुनाव होना हैं, वहां भाजपा ने 9 में से 8 सीटों पर अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है जबकि एक सीट एनडीए की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को दी गयी है। इस मुकाबले में इस बार भाजपा के सामने कांग्रेस नहीं है और उसका मुकाबला समाजवादी पार्टी से ही हो रहा है।

दरसल लोकसभा 2024 के मुकाबले में समाजवादी पार्टी, इण्डिया गठबंधन के साथ मिल कर चुनाव लड़ी थी और अकेले 37 सीट जीतने वाली समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव इन विधानसभा के उपचुनाव को 2027 के चुनाव का ट्रायल मान कर मैदान में उतारे हैं। चूँकि गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस ने इन चुनावों में समाजवादी पार्टी का समर्थन किया है तो इन सीटों की जीत हार का सेहरा भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सिर ही बंधेंगा! ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव नहीं चाहते होंगे कि भविष्य में भाजपा के खिलाफ बनने वाले इंडिया गठबंधन में उनकी स्थिति (हरियाणा में हुई हार के बाद) भी कांग्रेस जैसी हो जाय। इस कारण ये उपचुनाव न उनकी प्रतिष्ठा का सवाल बने हुए है। दूसरी ओर लोकसभा चुनाव में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के रहते गत लोकसभा से भी कम सीटों मिलने के दंश से उभरने के लिए ये उपचुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए एक अवसर के समान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अवसर को (इन चुनावों का परिणाम) अपने पक्ष में कर, अपना रसूख सरकार और पार्टी में बनाये रखने में कोई कसर छोड़ेंगे ऐसा लगता नहीं है। जिन 9 सीटों पर उप चुनाव हो रहे हैं उनमें 4 पर सपा, 5 एनडीए ने जीती थीद्य योगी आदित्यनाथ अपनी पांचो सीट जीतने के साथ ही समाजवादी पार्टी की 4 सीटें भी भाजपा की झोली में लाने के प्रयास में साम दाम दंड भेद का उपयोग करने से नहीं हिचकिचाएंगे। यदि योगी आदित्यनाथ ऐसा करने में सफल हो जाते हैं तो वे अपने विरोध में उठने वाले हर उस स्वर को दबा देंगे जो लोकसभा के चुनाव में आशा अनुरूप सफलता न मिलने पर उठे थे।

इसके दूसरा असर योगी आदित्यनाथ की उस छवि को और अधिक निखार देगा, जो इन दिनों प्रखर हिंदूवादी, फायरब्रांड नेता की बन रही है और दबी जबान योगी को प्रधानमंत्री मोदी का विकल्प बताया जा रहा है। क्योंकि अब योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ही नहीं रहे वे अब भाजपा के राष्टीय प्रचारक होने के हिंदुत्व वादी राजनेता बन कर उभरे है जो यूपी के अलावा अन्य राज्यों में भी प्रचार कर रहे हैंद्य हाल ही में महाराष्ट्र चुनाव में उनका कटेंगे तो बटेंगे का बयान सियासी हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

गौरतलब है कि लोकसभा में भाजपा से ज्यादा सीट समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठजोड़ में जीती ली थी और ऐसे में अघोषित तौर पर योगी के खिलाफ एक वातावरण निर्मित किया गया था जिसमें दोनों उपमुख्यमंत्रियों के कंधे से योगी को निशाने पर लिया गया था। हालांकि पार्टी ने हार की समीक्षा ने कई कारण गिनाए थे और योगी सुरक्षित थे। यही कारण है कि भाजपा इन 9 विधानसभा सीटो को अपने लिए प्रतिष्ठा का मुद्दा बनाये हुए है और सामाजवादी पार्टी की परपरागत सीट करहल पर अखिलेश यादव के परिवार के सदस्य कोही उनके खिलाफ मैदान में उतार कर यादव वोटों को विभाजित करने और 22 साल से सपा के कब्जे वाली सीट पर दांव खेला है।

कुल मिला कर इन उपचुनाव में कांग्रेस के न होने का कितना फायदा समाजवादी पार्टी या भाजपा को मिलता है यह परिणाम के बाद ही पता चलेगा लेकिन इतना तो तय है ये उप चुनाव दोनों ही दल और दोनों ही नेताओं योगी और अखिलेश के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बने हुए है।

**- श्याम यादव**
**स्वतंत्र पत्रकार**

## राशिफल

**कार्तिक शुक्ल : तृतीया** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचके पार करें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम, व्यापार अच्छा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा संबंध रहेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है। नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। नतमस्तक होकर रहेंगे। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापार अच्छा रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें। कन्फ्यूजन की स्थिति बनी रहेगी। प्रेम में तू-तू मैं-मैं। संतान मध्यम, व्यापार अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भूमि, भवन की खरीदारी संभव है लेकिन गृह कलह भी संभव है। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार बहुत अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
धनदायक समय। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सब कुछ बहुत अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
सितारों की तरह चमकेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान मध्यम, व्यापार बहुत अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
जीवन में बहुत तरह की चीजें ऊपर नीचे होंगी। कई तरीके के खर्चे आपको परेशान करेंगे।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी :–

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली **वंदे भारत त्यौहार विशेष** | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 06.11.24 तक |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 07.11.24 तक |
| 02270 | लखनऊ **वंदे भारत त्यौहार विशेष** | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली **तेजस त्यौहार विशेष** | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 05.11.24 तक |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 06.11.24 तक |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | बुधवार | 06.11.24 को |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | बुधवार | 06.11.24 को |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | तिथि वार | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 को |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरूवार | 07.11.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04230 | नई दिल्ली | 11:30 | हाजीपुर | 05:30 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04229 | हाजीपुर | 08:45 | नई दिल्ली | 03:10 | | मंगलवार | 05.11.24 को |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.11.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 01.12.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 06097 | चेन्नै सेंट्रल | 05:15 | अम्बाला कैंट जं. | 02:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 06098 | अम्बाला कैंट जं. | 15:30 | चेन्नै सेंट्रल | 13:35 | | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हजरत निजामुद्दीन | 04:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 4,11 एवं 18.11.24 |
| 07618 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | काचीगुडा | 11:45 | | बुधवार | 6,13 एवं 20.11.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# जिला कारागार में मनाया गया भाई दूज का पर्व



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कारागार के जेल अधीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं कारागार मंत्री के निर्देश पर गत वर्षों की भाँती इस वर्ष भी भाई दूज पर्व के अवसर पर कारागार में निरूद्ध बंदियों के टीका व पूजन हुआ।

महिला मुलाकाती बहनों द्वारा कारागार में आकर अपने भाईयों के भाई दूज के अवसर पर उनके दीर्घ आयु की कामना करते हुए टीका व पूजन किया गया।

इस अवसर पर कारागार में सुरक्षा व्यवस्था की पूर्ण तैयारी करते हुए सतत् निगरानी रखी गयी, तथा महिला मुलाकाती बहनों की किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये इसका पूरा ध्यान रखा गया उनके लिये चाय, बिस्कुट, शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा के मुकुल गोयल, विकास गर्ग, अंकित अग्रवाल व आदित्य अग्रवाल द्वारा की गयी।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, कारापाल राजीव कुमार सिंह, कारापाल संजय कुमार शाही, रामप्रकाश शुक्ला (उपजेलर), सुरजीत सिंह, (उपजेलर), शिशिरकांत कुशवाहा (उपजेलर), मनोज कुमार सिंह (उपकारापाल) एवं श्रीमती ज्ञानलता पाल (उपकारापाल) एवं श्रीमती मनोरमा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति ग्रेटर नोएडा द्वारा गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम अग्रसेन भवन स्वर्ण नगरी में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

समिति के अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया समिति पिछले कई वर्षो से सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम को मनाते आ रही है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र में रहने वाले सैकड़ों वैश्य परिवारों ने सामूहिक रूप से गोवर्धन महाराज की परिक्रमा की जिसके बाद सभी ने अन्नकूट के प्रसाद ग्रहण किया।

मीडिया प्रभारी मुकुल गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में गोवर्धन महाराज की 30 फुट की प्रतिमा बनायी गयी। इस कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों ने अपना अपना सहयोग दिया। प्रोग्राम में महाराजा अग्रसेन की फोटो पर माल्यार्पण कर महाराजा अग्रसेन जयंती का प्रोग्राम भी मनाया गया।

इस अवसर पर सौरभ बंसल, मनोज गर्ग, ओमप्रकाश अग्रवाल, मुकुल गोयल, नवीन जिंदल, रवि गर्ग, कपिल गुप्ता, राकेश सिंघल, पवन गोयल, लक्ष्मण सिंघल, मनोज गुप्ता, अतुल जिंदल, अरुण गुप्ता, विजय अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, अमित गोयल, गिरीश जिंदल, पवन बंसल, पुष्पेन्द्र गोयल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सीटू ने मनाया भैया दूज का त्यौहार



**नोएडा (चेतना मंच)।** बहनों से तिलक कराकर उपहार देकर सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने सभी को भैया दूज की बधाई दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली के दो दिन बाद मनाए जाने वाली भैया दूज एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसे पूरे देश में बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन भाई-बहनों के बीच मिठाईयां/ उपहार का आदान-प्रदान किया जाता है।

बहनें भाइयों को टीका लगाकर व गोला देकर उनकी रक्षा कुशलता की कामना करती हैं। इस अवसर पर अच्छी किश्म की मिठाइयां व व्यंजन बनाकर खिलाएं जाते हैं। यह पर्व भाई बहनों के बीच गहन रिश्तों को प्रतिबिंबित करता है। यह एक ऐसा त्यौहार है जो भाई और बहनों के प्यार, जुड़ाव और एकजुटता का सम्मान प्रकट करता है।

## छठ पूजा की तैयारी पूरी : श्रीवास्तव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर में छठ पूजा की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। पूजा कल से प्रारंभ होगी पूजा स्थल और तालाब के पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। शहर में दो दर्जन से अधिक जगहों पर छठ पूजा का आयोजन सामूहिक रूप से अलग-अलग समितियों द्वारा किया जाएगा।



छठ पूजा समिति के आयोजक एवं पूर्व नोएडा विधानसभा प्रत्याशी रहे अमरेश श्रीवास्तव ने बताया कि कल से सेक्टर एवं गांव में छठ पूजा प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि छठ पूजा की तैयारी के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

उन्होंने सभी छात्रवृतियों से अपील करते हुए कहा है कि वह पूजा स्थल पर पहुंच कर अपनी पूजा प्रारंभ करें। अमरेश श्रीवास्तव ने कहा कि पूजा तीन दिन तक चलेगी जिसमें हजारों लोग छठ मैया की पूजा करेंगे।

# मीरजापुर साहित्य चेतना समाज ने आयोजित की सामान्य ज्ञान व निबंध प्रतियोगिता

**मीरजापुर।** साहित्य चेतना समाज की मीरजापुर इकाई के तत्वावधान में सामान्य ज्ञान एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन नगर के भरुहना स्थित विन्ध्यवासिनी महाविद्यालय में रविवार को किया गया। इन दोनों प्रतियोगिताओं में नगर सहित सुदूर ग्रामीण अंचल के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1985 में गाजीपुर में स्थापित यह संस्था वर्षपर्यंत सक्रिय रहकर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा को मुखरित व उजागर कर उन्हें मंच प्रदान करती है।संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने जानकारी दी कि इन प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को आगामी दिसम्बर माह में एक समारोह आयोजित कर स्मृति-चिह्न व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।



वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार भोलानाथ कुशवाहा ने ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इनसे विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास होता है।विन्ध्यवासिनी महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलती है।उन्होंने संस्था द्वारा इस दिशा में किये जा रहे प्रयास की प्रशंसा की।

प्रतियोगिता प्रभारी कु.सृष्टिराज ने बताया कि चार वर्गों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं के कनिष्ठ वर्ग में कक्षा चार से छह,मध्यम वर्ग में कक्षा सात व आठ,ज्येष्ठ वर्ग में कक्षा नौ व दस एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा ग्यारह व बारह के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

आयोजन में प्रमुख रूप से कु.पूजा यादव, कु. सृष्टि राज, सचिन श्रीवास्तव, आनन्द केशरी, आनन्द अमित, जय कुमार, मिलन कुमार, कुलभूषण पाठक, मयंक पाठक आदि उपस्थित थे।

# सपा के जिलाध्यक्ष की मनमानी बनी चर्चा का विषय

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई में आपसी गुटबाजी से पार्टी को काफी नुकसान हो रहा है। एक तरफ जहां सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव संगठन को मजबूत कर 2027 के विधानसभा चुनाव को फतहकर सरकार बनाने के मिशन में जुटे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी की जिला इकाई में बढ़ती गुटबाजी से पार्टी को दो धड़ों में बांटकर रख दिया है। सूत्र बताते हैं कि जिलाध्यक्ष की मनमानी के कारण पार्टी आगे नहीं बढ़ रही है। सूत्र बताते हैं कि जब से समाजवादी पार्टी की कमान सुधीर भाटी के हाथों में गई है तभी से पार्टी दिनोंदिन कमजोर हो रही है। इसको लेकर कई बार सोशल मीडिया पर खबर भी चली लेकिन पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस पर कोई गौर नहीं किया। यदि समय रहते जिले में बढ़ती गुटबाजी पर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व गंभीर होकर ध्यान नहीं दिया तो विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम समाजवादी पार्टी को महंगा पड़ सकता है। अभी हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव में भी पार्टी की आपसी गुटबाजी खुलकर सामने देखी गई थी। अब एक बार फिर से सपा की जिलाध्यक्ष की मनमानी चर्चा का विषय बन रही है।

# पृष्ठ एक के शेष....

**रेस्टोरेंट में पति ने...**

ने घर में घुसकर महिला पर कैंची से वार कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया।

नोएडा के सेक्टर-44 में रहने वाले उस्मान का निकाह के बाद अपनी पत्नी के साथ अनबन चल रही थी। इस बात को लेकर दोनों सेक्टर-18 के देवकीनंदन रेस्टोरेंट में तलाक से पहले ब्रेकअप पार्टी के लिए मिलने आए थे। बातचीत के दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया और उस्मान ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने के बाद चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी पत्नी को गंभीर चोटें आई है।

सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-20 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पत्नी का मेडिकल कराने के बाद उस्मान को बीएनएस 18ए के तहत गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य घटना में कोतवाली 49 क्षेत्र में स्थित बरौला गांव में महेन्द्र पुत्र जगदीश प्रसाद ने घर में घुसकर महिला पर कैंची से वार कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया।

महिला अस्पताल में भर्ती है और उसकी स्थिति सामान्य है। पुलिस ने आरोपी महेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है। पैसों के लेन-देन को लेकर आरोपी ने यह कदम उठाया।

**छठ पर घर जाने वालों...**

की लंबी कतारे देखने को मिल रही है। रेलवे स्टेशनों पर भीड़ इतनी है कि बैठना तो दूर लोगों को स्टेशन परिसर में खड़े होने की जगह नहीं मिल रही है।

दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर लोगों की लंबी कतारे देखने को मिल रही है। ये सभी लोग छठ पर्व पर बिहार जानें के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, रेलवे की तरफ से यात्रियों की सुविधा के लिए कई इंतजाम किए गए हैं और स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही है, लेकिन इसके बावजूद भी स्टेशनों पर भीड़ बेकाबू होती जा रही है। लोगों का कहना है कि सरकार स्पेशल ट्रेन तो चला रही है लेकिन यह 24 से 48 घंटे तक की देरी से पहुंच रही है। लोग सुबह से ही स्टेशन पहुंच रहे हैं ताकि लंबी लाइन में लगकर जनरल का टिकट कटा सकें।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com






**खास खबर**

### अश्विन ने कुंबले का रिकार्ड तोड़ा

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अश्विन ने इस मैच की दूसरी पारी में तीन विकेट लेकर दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ दिया। अश्विन ने छह मैचों में 19.75 की औसत से 41 विकेट लिए है। वहीं कुंबले ने सात मैचों में 38 विकेट लिए थे। अश्विन ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के मध्य क्रम को ध्वस्त कर दिया था। अश्विन ने सबसे पहले रचिन रवींद्र को अपना शिकार बनाया। इसके बाद ग्लेन फिलिप के रुप में दूसरा और विल यंग के रूप में तीसरा विकेट लिया।

### लक्ष्मण ने की राम मंदिर में पूजा अर्चना

**अयोध्या ।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वी वी एस लक्ष्मण ने अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना की है। लक्ष्मण अपने परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने सरयू नदी में महा आरती भी की। वह एक दिन अयोध्या में ही रहे। इस दौरान उन्होंने मठ-मंदिर में दर्शन के साथ-साथ स्थानीय संतों से भी आशीर्वाद लिया। लक्ष्मण प्रभु राम के भव्य मंदिर निर्माण को देखकर मंत्रमुग्ध नजर आए और मंदिर परिसर में जय श्री राम कहने लगे। लक्ष्मण का ये अयोध्या दौरा गोपनीय रखा गया था। उन्होंने अयोध्या पहुंचने के बाद दर्शन पूजन किया और दूसरे दिन वापस मुंबई के लिए उड़ान भरी। लक्ष्मण का अयोध्या दौरा यह दिखाता है कि कैसे अयोध्या का धार्मिक महत्व और प्रभु राम के प्रति आस्था देश भर के लोगों को अपनी ओर खींच रही है।

### आर्या और सुरभि जाएंगी उज्बेकिस्तान

**इन्दौर।** उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाली मिक्स्ड मार्शल आर्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप मे इन्दौर मध्यप्रदेश की खिलाड़ी आर्या चौधरी (52.2 कि.ग्रा.) और पिछले वर्ष की एशियाई रजत पदक विजेता सुरभि सांखला (65.8 कि.ग्रा.) भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके साथ विक्रम पुरस्कार विजेता कोच विकास शर्मा भी रहेंगे। मध्यप्रदेश मिक्स्ड मार्शल आर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी वैभव नागौरी, देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर आदि ने उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

### फाइनल में पहुंचीं मालविका

**सारब्रुकेन।** उभरती हुई भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने शनिवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन को सीधे गेम में हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त मालविका ने 44 मिनट तक चले मैच में जैकबसेन को 23-21, 21-18 से हराया। मालविका खिताबी मुकाबले में डेनमार्क की सातवीं वरीयता प्राप्त मिया ब्लिचफेल्ड से भिड़ेंगी।लेकिन गैर वरीयता प्राप्त भारतीय शटलर आयुष शेट्टी के लिए यह निराशाजनक रहा क्योंकि वह पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के चौथे वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव से हारकर बाहर हो गए।

# भारतीय टीम तीसरा टेस्ट भी हारी

## जडेजा और ऋषभ के प्रयास विफल रहे, एजाज की घातक गेंदबाजी

▶ न्यूजीलैंड ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप



एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां वानखेड़े स्टेडियम में हुए क्रिकेट टेस्ट मैच में भी करारी हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ ही मेजबान टीम न्यूजीलैंड ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। ये पहली बार है जब न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम के खिलाफ सभी मैच जीते हैं। किवी टीम ने पहला और दूसरा मैच भी आसानी से जीत लिया था। वहीं आज तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम तीसरे दिन के दूसरे सत्र में जीत के लिए मिला 147 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी। रविन्द्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी कर दूसरी पारी में कीवी टीम को 174 रन पर समेट कर भारतीय टीम को जीत का एक सुनहरा अवसर दिलाया था जिसे भारतीय टीम ने खो दिया। भारतीय टीम को जीत के लिए केवल 147 रनों का छोटा सा लक्ष्य मिला था पर टीम उसे हासिल नहीं कर पायी और 26 रनों से हार गयी। न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को 121 रनों पर ही आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस मैच में कीवी टीम की जीत के हीरो स्पिनर एजाज पटेल रहे। एजाज ने इस मैच में कुल 11 विकेट लिए।

एजाज ने पहली पारी में 5 विकेट जबकि दूसरी पारी में केवल 57 रन देकर 6 विकेट लिए।

वहीं इससे पहले इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 235 रन बनाये थे जबकि भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाये थे। इस प्रकार भारतीय टीम के पास 28 रनों की मामूली सी बढ़त थी। इसके बाद जडेजा और आर अश्विन ने जबरदस्त गजब गेंदबाजी कर मैच एक बार फिर भार की ओर झुका दिया। इन दोनो ने ही दूसरी पारी में किवी टीम को 174 रन पर आउट कर दिया था। .जडेजा ने इस मैच में कुल 10 विकेट लिए। इसके बाद भारतीय टीम को जीत के लिए 147 रन का लक्ष्य मिला जो आसान नजर आ रहा था पर एजाज पटेल की फिरकी में भारतीय बल्लेबाज उलझकर रह गये। भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, शुभमन गिल और सरफराज खान शुरूआत में ही पेवेलियन लौट गये। आधी भारतीय टीम 29 रन ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद ऋषभ पंत ने आकर आक्रामकर बल्लेबाजी करते हुए एक बार फिर भारतीय टीम की जीत की उम्मीदें जगायीं पर ऋषभ 64 रन बनाकर एजाज का शिकार बन गये और यहीं से मैच भारतीय टीम के हाथों से फिसल गया।

## अफगानिस्तान के खिलाफ एक दिवसीय सीरीज खेलेगी बांग्लादेश



एजेंसी

**ढाका ।** बांग्लादेश ने अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन और विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल नहीं किया है। बांग्लादेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है पर उसमें शाकिब और लिटन को जगह नहीं मिली है। ऐसे में शान्तो को टीम का नया कप्तान बनाया गया है जबकि हाल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेहदी हसन मिराज को उप कप्तान की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा बल्लेबाज सौम्य सरकार की भी टीम में वापसी हुई है। शाकिब स्वयं ही इस सीरीज से हटे हैं जबकि लिटन भी बुखार होने के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। शाकिब ने इस सीरीज से पहले भारत दौरे के समय टेस्ट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। ऐसे में कहा जा रहा था कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड शाकिब को एक विदाई मैच देगा पर अभी तक उस बरे में भी कुछ पता नहीं चला है। माना जा रह है कि समय आने पर शाकिब को विदायी मैच दिया जाएगा। वहीं कंधे की चोट से जूझ रहे तेज गेंदबाज हसन महमूद को भी टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा, अनामुल हक और तैजुल इस्लाम को भी टीम से बाहर कर दिया गया है।

# सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सीनियर पुरुष हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का 14वां संस्करण सोमवार को तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला है। 16 नवंबर तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में कुल 31 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें आठ पूल में बांटा गया है। लीग चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने पूल की हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष टीम 13 नवंबर को क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी, उसके बाद 15 नवंबर को सेमीफाइनल और 16 नवंबर को फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्ले-ऑफ होगा।

पूल ए में मौजूदा चैंपियन हॉकी पंजाब के साथ दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ हॉकी शामिल हैं। पूल बी में हॉकी हरियाणा, तेलंगाना हॉकी, हॉकी हिमाचल और हॉकी मिजोरम शामिल हैं।

पूल सी में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी आंध्र प्रदेश और हॉकी अंडमान और निकोबार शामिल हैं। पूल डी में हॉकी कर्नाटक, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी उत्तराखंड और त्रिपुरा हॉकी शामिल हैं। पूल ई में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा का मुकाबला ले पुडुचेरी हॉकी, हॉकी राजस्थान और हॉकी अरुणाचल से होगा। पूल एफ में उत्तर प्रदेश हॉकी, दिल्ली हॉकी, केरल हॉकी और हॉकी जम्मू और कश्मीर शामिल हैं। पूल जी में हॉकी झारखंड, हॉकी महाराष्ट्र, गोवा हॉकी और हॉकी गुजरात शामिल हैं। पूल एच में मणिपुर हॉकी, हॉकी बंगाल, हॉकी बिहार और असम हॉकी शामिल हैं।

टूनार्मेंट की शुरूआत कई मैचों से होगी, जिसमें उत्तर प्रदेश हॉकी बनाम केरल हॉकी और हॉकी कर्नाटक बनाम हॉकी उत्तराखंड जैसे कई रोमांचक मुकाबले शामिल हैं, जो एक रोमांचक चैंपियनशिप के लिए मंच तैयार करते हैं।

# रोहित ने हार पर निराशा जतायी



एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में भी मिली हार पर निराशा जतायी है। रोहित ने भारतीय टीम को 3-0 से मिली हार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ये उनके करियर का सबसे खराब दौर रहा है। न्यूजीलैंड ने एजाज पटेल की घातक गेंदबाजी के बल पर भारतीय टीम को दूसरी पारी में आसानी से समेट दिया। रोहित ने हार को लेकर कहा, एक सीरीज हारना, एक टेस्ट हारना कभी आसान नहीं होता, यह कुछ ऐसा है जो आसानी से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हम अपना सर्वश्रेष्ठ खे नहीं खेल पाए, हम जानते हैं और हमें ये मानना होगा। उन्होंने जीत का श्रेय न्यूजीलैंड को देते हुए कहा कि उसने पूरी सीरीज में हमसे बहुत ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। हमने बहुत सारी गलतियां कीं और हमें इसे स्वीकार करना होगा। हमने बेंगलुरू और पुणे में हुए पहले दोनो ही मैचों की पहली पारियों में अधिक रन नहीं बनाये। इसी कारण हम पिछड़ गये। हम इस सीरीज में अपने प्रयास में सफल नहीं रहे।।

उन्होंने कहा, ऐसे लक्ष्य का पीछा करते हुए आप आपके पास पर्याप्त रन भी होने चाहिये। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरे दिमाग में कुछ खास विचार, कुछ योजनाएं होती हैं पर इस सीरीज में ऐसा नहीं हो पाया और यह मेरे लिए निराशाजनक पहलू रहा। ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने इस पिच पर दिखाया कि कैसे बल्लेबाजी करनी चाहिये। आपको थोड़ा आगे रहना होगा और जब हम ऐसी पिच पर खेलते हैं तो सक्रिय होना होगा।

## श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी सीरीज की तारीख तय

एजेंसी

**मेलबर्न ।** श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी 2 मैचों की टेस्ट सीरीज और एकमात्र वनडे मैच की तारीखें निर्धारित हो चुकी हैं। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के मौजूदा चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। साथ ही, एकदिवसीय मैच से दोनों टीमों को 2025 में पाकिस्तान में आयोजित होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी तैयारियों को मजबूती मिलेगी। पहला टेस्ट मैच 29 जनवरी को गॉल में शुरू होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 6 फरवरी से इसी स्थान पर खेला जाएगा। इसके बाद 13 फरवरी को दोनों टीमें एकमात्र वनडे में आमने-सामने होंगी।ऑस्ट्रेलिया इस समय डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 62.5 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि श्रीलंका 55.56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। ऐसे में, यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका परिणाम अगले साल लंदन में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में उनके भाग्य को निर्धारित कर सकता है। इस सीरीज का परिणाम न केवल ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के लिए, बल्कि भारतीय टीम के लिए भी अहम होगा। भारत का डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना श्रीलंका-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के परिणाम पर निर्भर कर सकता है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए अपने बचे हुए 6 में से 4 टेस्ट मैच जीतने होंगे, जबकि श्रीलंका को अपने अगले 4 मैचों में से सभी जीतने होंगे और ऑस्ट्रेलिया को अपने 7 में से 4 टेस्ट जीतने होंगे।

## खिताबी मुकाबले में हम्बर्ट का सामना ज्वेरेव से

**पेरिस।** फ्रांसीसी स्टार उगो हम्बर्ट ने शनिवार को पेरिस मास्टर्स में घरेलू मैदान पर करेन खाचानोव को 6-7(6), 6-4, 6-3 से हराकर मास्टर्स 1000 स्तर पर अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। अपने सातवें टूर-लेवल खिताब की तलाश में, हम्बर्ट रविवार को चैंपियनशिप मैच में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे। ज्वेरेव ने छह मास्टर्स 1000 खिताब, दो एटीपी टूर फाइनल और टोक्यो में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता है। इस साल की शुरूआत में, हम्बर्ट ने दुबई और मार्सिले में ट्रॉफी जीती, जबकि ज्वेरेव ने रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में ताज जीता। हम्बर्ट ने खाचानोव के खिलाफ मैच के बाद कहा, पेरिस में अपने पसंदीदा टूनार्मेंट में ऐसा करना अद्भुत है। यह एक सपना है। पिछले मैचों की तुलना में यह थोड़ा मुश्किल था।

# 2027 तक आरसीब की ओर से ही खेलना चाहते हैं विराट

▶ कोहली ने आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करने की इच्छा जताई, 21 करोड़ की फीस पर रिटेन



एजेंसी

**बेंगलुरु।** अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि वह आगे भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते रहेंगे। विराट का कहना है कि उनका लक्ष्य साल 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने का है। आससीबी ने विराट को 21 करोड़ रुपए की फीस पर अपने साथ बरकरार रखा है जिससे वह संतुष्ट हैं। आरसीबी के इस पूर्व कप्तान का कहना है कि वह टीम में अपने 20 साल पूरे करना चाहते हैं। विराट शुरू से ही आरसीबी से खेलते रहे हैं। वह साल 2008 से आरसीबी के साथ हैं। इस दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। कोहली ने आरसीबी के साथ अपने सफर को लेकर कहा, मेरा लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है। इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जाएंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों में उनका आरसीबी से बेहद करीबी संबंध बन गया है। साथ ही कहा कि मैं आरसीबी के अलावा कहीं और से खेलने की नहीं सोचता।

कोहली ने आरसीबी को खिताब दिलाने के अपने लक्ष्य को भी बताया। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी विशेष है। टीम से मेरा दो दशक का रिश्ता है। मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी इसे समझते हैं। विराट ने आरसीबी के आने वाले सत्र के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस चक्र का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और निश्चित रूप से मेरा लक्ष्य अगले चक्र में कम से कम एक बार आईपीएल खिताब जीतना रहेगा। हम हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और सभी को गर्व का अनुभवी कराते रहेंगे। मैं प्रशंसकों से मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।

आरसीबी ने कोहली के अलावा रजत पाटीदार को 11 करोड़ रुपए और यश दयाल को 5 करोड़ रुपए में अपने पास बनाये रखा है। इस रिटेंशन के बाद फ्रेंचाइजी के पास मेगा नीलामी में खर्च करने के लिए 83 करोड़ रुपए की रकम रहेगी, जिससे वे अपनी टीम के लिए कई बेहतर खिलाड़ी खरीद सकते हैं।

# यश गेंद को दोनों दिशाओं में स्विंग कराने में माहिर



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि यश की गेंदबाजी में दोनों ओर स्विंग कराने की विशेषता उन्हें टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण बनाती है। बता दें कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के लिए अपनी टीम को मजबूती देने के प्रयासों के तहत बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को 5 करोड़ रुपए में बरकरार रखा है। यश दयाल के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए टीम के मुख्य कोच एंडी ने कहा कि आईपीएल 2024 में यश दयाल ने 14 मैचों में 9.15 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए थे और टीम के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करते हुए अहम भूमिका निभाई थी।

फ्लावर ने आरसीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर बताया, हम यश दयाल को टीम में बनाए रखने को लेकर उत्साहित हैं। उनकी अद्वितीय क्षमता और स्विंग गेंदबाजी उन्हें एक खास खिलाड़ी बनाती है। उनका करियर एक ऊर्ध्व दिशा में जा रहा है और हमें विश्वास है कि वे आगामी सीजन में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। यश दयाल के अलावा फ्लावर ने बल्लेबाज रजत पाटीदार की भी सराहना की। पाटीदार ने पिछले सीजन में 177.13 की स्ट्राइक रेट से 395 रन बनाए थे, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। 2021 में अपने पदार्पण के बाद से पाटीदार ने 27 मैचों में 158.85 की स्ट्राइक रेट से 799 रन बनाए हैं। फ्लावर ने कहा कि पाटीदार का लचीलापन और प्रतिभा टीम के लिए बेहद फायदेमंद रहे हैं और आगामी सीजन में उनसे और भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। फ्लावर का मानना है कि यश दयाल और रजत पाटीदार जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ आरसीबी आगामी सीजन में और भी मजबूत टीम बनकर उभरेगी।

# सबालेंका से पहला मैच हारीं झेंग किनवेन



एजेंसी

**रियाद।** चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने रियाद में चल रहे डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपने पहले अभियान की शुरूआत हार के साथ की। किनवेन शनिवार को दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी बेलारुस की आर्यना सबालेंका से 6-3, 6-4 से हार गईं। इस बीच, पर्पल ग्रुप के एक अन्य एकल मैच में, इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को 7-6(5), 6-4 से हराया। झेंग ने इस सीजन में सबालेंका का तीन बार सामना किया है, जिसमें पिछले महीने वुहान ओपन के फाइनल में तीन सेटों के कड़े मुकाबले सहित सभी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। अपने डब्ल्यूटीए फाइनल डेब्यू में आठ प्रभावशाली ऐस सर्व करने के बावजूद, झेंग प्रत्येक सेट में एक बार ब्रेक की गई और अंततः शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से हार गई। मैच के बाद अपने प्रदर्शन पर झेंग ने कहा, ₹मैंने मैच में अपना लगभग 60-70% सर्वश्रेष्ठ दिया, और अभी भी सुधार करने के लिए कुछ विवरण हैं। एक बार जब मैं उन्हें सुधार लूंगी, तो मुझे विश्वास है कि मैं वास्तव में उसे चुनौती दे सकती हूँ। ऐसा लगा जैसे मैं चीन में वापस आ गई हूँ। उनके समर्थन ने मुझे बहुत ताकत दी। अगले मैचों में झेंग का सामना शेष राउंड-रॉबिन ग्रुप स्टेज मैचों में रयबाकिना और पाओलिनी से होगा। उन्होंने कहा, मैं लक्षित प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करूँगी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना टेनिस खेलूँ और अपनी शैली दिखाऊँ। पाओलिनी, जो अपने पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में भी भाग ले रही थीं, ने पहले सेट को एक करीबी टाईब्रेक में जीता और फिर दूसरे सेट के सातवें गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक का लाभ उठाते हुए रयबाकिना को हराया।

# केरला ब्लास्टर्स एफसी पर जीत देगी मुम्बई सिटी के अभियान को गति




एजेंसी

**मुम्बई।** मुम्बई सिटी एफसी और केरला ब्लास्टर्स एफसी आज शाम मुम्बई फुटबॉल एरिना में एक रोमांचक मुकाबले के लिए तैयार हैं। ओडिशा एफसी के खिलाफ पिछला मैच ड्रॉ खेलने के बाद मुम्बई वापसी के लिए दृढ़ संकल्प हैं जबकि ब्लास्टर्स का लक्ष्य लगातार दूसरी हार से बचना होगा। मुम्बई हाल ही में विपक्षी डिफेंस को भेदने के लिए जूझ रहे हैं, अपने पिछले दो घरेलू मैचों में से केवल एक गोल कर पाए हैं। लिहाजा, मुम्बई अपने आक्रामक फॉर्म पाने के लिए उत्सुक होंगे।

मुम्बई सिटी एफसी प्रति मैच 2.6 बड़े मौके बनाती है (आईएसएल में दूसरा सबसे अधिक), लेकिन अपने मौकों को गोल में बदलने की उनकी दर सबसे कम 15.4% है। यह मुकाबला उनके फिनिशिंग कौशल की परीक्षा होगा।

ब्लास्टर्स लगातार 10 मैचों में क्लीन शीट नहीं रख पाए हैं, इस अनचाहे सिलसिले को समाप्त करना चाहेंगे। मुम्बई के घरेलू लाभ और स्कोरिंग क्षमता उनकी डिफेंस की परीक्षा लेगी। ब्लास्टर्स बॉक्स के अंदर से 63.4% शॉट लगाते हैं और उनके हमलों की कमान नौहा सदौई के हाथों में होगी। आईएसएल में ये दोनों टीमें 20 बार भिड़ चुकी हैं, जिनमें से आइलैंडर्स ने नौ मैच जीते हैं जबकि ब्लास्टर्स को पांच जीत मिली है। छह मैच ड्रा रहे हैं।

स्वीडिश हेड कोच मिकेल स्टाहरे का मानना है कि टीम सही रास्ते पर हैं। वह व्यक्तिगत गलतियों से बचने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं, जो हाल के दिनों में टीम को परेशान कर रही हैं। उन्होंने कहा, ह्यबेंगलुरू एफसी से घर पर हार के बाद हर कोई बहुत निराश था, लेकिन टीम को फिर से संगठित करना मुश्किल नहीं था। हम जानते हैं कि आगामी मैच कठिन होगा लेकिन हम ऊर्जावान और आशावादी हैं। मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं, हालांकि हार वास्तव में दर्दनाक थी, लेकिन फुटबॉल में कभी-कभी ऐसा होता है। हमने व्यक्तिगत गलतियां कीं और वे फुटबॉल का हिस्सा हैं, लेकिन गलतियों से सीखना महत्वपूर्ण है। मुम्बई अपने पहले पांच मैचों में से महज एक बार जीते हैं, जो कि आईएसएल 2024-25 में उनकी बेहद धीमी शुरूआत हैं। चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी भी मानते हैं कि यह मुम्बई सिटी एफसी के लिए आदर्श नजारा नहीं है, लेकिन वह हर मैच के साथ जो सुधार देख रहे हैं, उससे खुश हैं।उन्होंने कहा, यह आदर्श परिस्थिति नहीं है और हमें सुधार करने की जरूरत है। हमारे स्तर के अनुसार, यह सीजन की धीमी शुरूआत है। लेकिन दूसरी ओर, हम हर मैच के साथ बेहतर हो रहे हैं।



रियाद में बेलारूस की आर्यनका सबालेंका महिलाओं के एल्यूटीए फाइनल मैच में रिटर्न शॉट लगाती हुई।

# नक्सलियों का हमला, दो जवानों को किया घायल, लूट ले गए राइफलें

एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात पुलिस के दो जवानों पर नक्सलियों ने धार-धार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घायल दोनों जवानों को जगरगुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकाप्टर से एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही है। नक्सली दोनों घायल जवानों की राइफलें लूट ले गए। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार





की सुबह जगरगुंडा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के लिए जवानों की तैनाती की गई थी। इस दौरान नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने दो जवानों कटटम देवा और सोडी कन्ना पर अचानक हमला बोल दिया। जवान जब तक कुछ समझ पाते तब तक नक्सलियों ने जवानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर नक्सली फरार हो गए।

घायल जवानों को सुरक्षा बल जवानों ने तत्काल जगरगुंडा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों जवानों को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए भेजा जा रहा है।घायल दोनों जवानों की इंसास राइफलें नक्सली लूट कर ले गए हैं। इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

## खास खबर

### 6 प्रत्याशी समेत 191 लोग गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों को लेकर अब तक 6 उम्मीदवारों समेत 191 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह जानकारी श्रीलंका पुलिस ने दी गई है। संसदीय चुनाव के लिए मतदान 14 नवंबर को होगा। पुलिस ने बताया कि उसे संसदीय चुनाव से संबंधित 168 शिकायत मिली हैं। मीडिया रिपोर्ट में श्रीलंका डीआईजी के हवाले से बताया गया है कि इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायत शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन 191 लोगों को 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में गिरफ्तार किया है उनमें चुनाव लड़ रहे 6 उम्मीदवार भी शामिल हैं। पुलिस ने इन शिकायतों के संबंध में 45 वाहन जब्त किए हैं। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसे संसदीय चुनावों से संबंधित 1259 शिकायत मिली। इनमें से 13 शिकायत हिंसा के संबंध में हैं।

### केदारनाथ-यमुनोत्री के कपाट बंद

**चमोली।** उत्तराखंड में चारों धामों के कपाट बंद होने का सिलसिला शनिवार से शुरू हो गया है। चारों धामों में अब तक 44 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। उत्तरकाशी में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट 2 नवंबर से बंद हो गए। रविवार सुबह 8:30 बजे सेना के बैंड और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन के साथ केदारनाथ के कपाट बंद किए गए। वहीं, यमुनोत्री धाम के गेट भी रविवार दोपहर 12:04 बजे बंद कर दिए जाएंगे। बद्रीनाथ में 17 नवंबर तक दर्शन किए जा सकेंगे। केदारनाथ के कपाट 10 मई को खोले गए थे। एक नवंबर तक यहां 16 लाख 15 हजार 642 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। वहीं बद्रीनाथ में अब तक 13 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। यमुनोत्री में 7.10 लाख और गंगोत्री में 8.11 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। चारों धाम में अब तक 44 लाख दर्शन कर चुके हैं। शनिवार को बाबा केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति को भंडार से बाहर लाया गया जिसके बाद धर्माधिकारी औंकार शुक्ला वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पंचमुखी उत्सव मूर्ति के दर्शन किए।

### पुलिस से मुठभेड़ में इनामी बदमाश घायल

**लखनऊ।** यूपी के मऊ जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम था। पुलिस ने बताया कि रविवार को मुठभेड़ के दौरान बदमाश को गोली लगने से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाश पर लूट समेत कई जघन्य अपराधों में फरार दीपक और देवदत्त नामक अपराधी की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस ने रविवार तड़के करीब चार बजे कोपागंज थाना क्षेत्र के सरौन गांव के पास उन्हें पकड़ने की कोशिश की इस दौरान देवदत्त ने पुलिस टीम पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में देवदत्त बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 14 तक महाराष्ट्र में करेंगे 11 रैलियां



एजेंसी

**मुंबई ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रचार करने के ?लिए 8 से 14 नवंबर के बीच करीब 11 रैलियों को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 8 नवंबर को धुले और नासिक, 9 नवंबर को अकोला और नांदेड़, 12 नवंबर को चंद्रपुर, चिमूर, सोलापुर व पुणे और 14 नवंबर को संभाजीनगर, नवी मुंबई और मुंबई में चुनावी सभाओं को संबोधित करने की उम्मीद है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी राज्य में चुनाव से पहले करीब 20 रैलियों को संबोधित करेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग 22 और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के लगभग 13 रैलियों को संबोधित करेंगे। इन सब के साथ महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष बावनकुले भी राज्य में पार्टी को बहुमत दिलाने के लिए प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी राज्य में धुआंधार रैलियां करेंगे। बताया जा रहा है कि भाजपा नेताओं की इन रैलियों में महायुति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भाजपा के एक नेता ने कहा कि हम सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को उजागर करेंगे।

## गाजा में इजरायली हमला, 42 लोगों की मौत

▸ हमले में 150 से ज्यादा लोग घायल हुए

एजेंसी

**गाजा ।** इजरायली हवाई और तोपों के हमलों ने गाजा पट्टी के केंद्रीय हिस्से में स्थित नुसेरात शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 42 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इजरायली सेना ने नुसेरात में बसे घरों पर हवाई और तोपों से हमले शुरू कर दिए हैं। गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने इन हमलों की निंदा की है और कहा कि यह हमले



जानबूझकर आम नागरिकों, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह इजरायल पर दबाव बनाए ताकि गाजा के नागरिकों पर होने वाले इन हमलों को रोका जा सके। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि रफाह और गाजा के मध्य हिस्से में उन्होंने मिलिटेंट्स को मारने, उनके ठिकानों को खत्म करने और हथियारों का पता लगाने के लिए अभियान चलाया। इजरायल ने 7 अक्टूबर 2023 को गाजा से हमास द्वारा किए गए हमले के जवाब में गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। उस हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुसार इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 43,314 हो गई है। इसके अलावा, इजरायल का हिजबुल्ला के साथ भी संघर्ष जारी है। 8 अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायली हमलों में लेबनान में 2,968 लोगों की मौत हो चुकी है और 13,319 लोग घायल हुए हैं। 23 सितंबर से इजरायल और हिजबुल्ला के बीच बॉर्डर पर गतिरोध तेज है, जिसके चलते यह क्षेत्र काफी संवेदनशील हो चुका है।

## सेंचुरी में तेजी से बढ़ रहा बाघों का कुनबा

**भोपाल ।** भोपाल से 40 किमी दूर रातापानी सेंचुरी में बाघों का कुनबा तेजी बढ़ रहा है। अभी यहां 56 बाघ हैं। इसमें 7 बाघिनों के साथ 22 शावक शामिल हैं। यह देश की इकलौती सेंचुरी बन गई है, जहां पर 28 टाइगर रिजर्व से अधिक बाघ हैं। यहां 6 बाघिन ने तीन-तीन शावकों जबकि एक बाघिन ने 4 शावकों को जन्म दिया था।रातापानी सेंचुरी अधीक्षक ने बताया कि सेंचुरी बाघों के भोजन मैनेजमेंट के लिए ग्रासलैंड तैयार हो रहा है। हालांकि, अब भी रातापानी को टाइगर रिजर्व घोषित होने का इंतजार है। सीएस अनुराग जैन के साथ 24 दिन पहले बैठक में सभी विभाग इस पर सहमति जता चुके हैं, पर नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी

▸ धमकी देने वाली महिला मुंबई पुलिस की हिरासत में

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है, इस धमकी के बाद उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल सेल में अज्ञात नंबर से कॉल आई, इसमें कहा गया कि यदि योगी आदित्यनाथ ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया, तब उन्हें पूर्व कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी की तरह मार दिया जाएगा। इस धमकी भरे संदेश ने प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा गया है। पुलिस ने धमकी देने वाली की पहचान एक महिला के रूप में की है, महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना की गंभीरता को देखकर संबंधित अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों को और मजबूत कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, धमकी भरे कॉल की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। बाबा सिद्दीकी की हत्या का संदर्भ देखकर ध्यान देने योग्य है कि उन्हें 12 अक्टूबर को जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसके बाद उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था उनकी जान बचाने में विफल रही और उन्हें अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ा। हत्या के मामले में कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन इसकी पृष्ठभूमि में एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि क्या सुरक्षा बलों ने सही तरीके से काम किया था।

## नाइजीरियाई सेना ने 187 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया

एजेंसी

**अबुजा ।** नाइजीरियाई सेना ने देशभर में चलाए एक बड़े आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत 187 से अधिक संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान पिछले सप्ताह जारी रहा, जिसमें न केवल आतंकवादियों को खत्म किया, बल्कि 262 अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बूबा ने अबुजा में अभियान की सफलता का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि 23 से 29 अक्टूबर के बीच, 19 संदिग्ध आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण किया। बूबा ने बताया कि राज्य सोकोटो के एक गांव में एक कुख्यात आतंकवादी संदिग्ध, अबू बकर इब्राहिम, उस हाबू डोगो के नाम से भी जाना जाता है, को गिरफ्तार किया है। हाबू डोगो नाइजीरिया में सबसे वांछित आतंकवादी सरगनों में से एक है और उसका नाम नाइजीरिया तथा पड़ोसी देश नाइजर की सुरक्षा एजेंसियों की सूची में शामिल था।

इसके पहले, अगस्त में भी नाइजीरियाई सैनिकों ने एक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया था, इसमें करीब 140 संदिग्ध बंदूकधारियों को मार गिराया गया था। तब सेना ने 135 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था

## तेल चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

**फिरोजाबाद ।** फिरोजाबाद के थाना टूंडला में तेल चोरी करने वाली गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोच लिया है। यह लोग अधिकतर ट्रकों से तेल चोरी करते थे और उसको किसी सुनसान जगह पर छुपाकर रखते थे। पुलिस अधिकारी ने इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को तेल चुराने वाले गिरोह के चार अभियुक्तों के बारे में सूचना मिली थी। यह चार लोग तालिब, जुबेर, साजिद चौहान व सबील हैं। जानकारी के अनुसार इनमें से एक अभियुक्त जब चोरी की जगह तेल बरामद कराने के लिए पुलिस के साथ गया तो वहां छुपाकर रखे तमंचे से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

## दुनिया को रास्ता दिखाने वाले हनुमान जी 22 साल से कर रहे अपने मंदिर को सीधा रास्ता मिलने का इंतजार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** संडे विशेष में आज हम आपको बताने वाले हैं 22 साल पुराने हनुमान माता मंदिर जो की स्थित है बसंत लोक बसंत विहार पैट्रोल पंप के साथ में सुलभ शौचालय के पास, दुनिया को रास्ता दिखाने वाले भगवान हनुमान जी इस मंदिर में 22 साल से विराजमान है लेकिन कहते हैं ना की घोर कलयुग चल रहा है और यह बात यहां पर और भी सही दिखती हुई प्रतीत होती है यह मंदिर सुलभ शौचालय की दीवार के साथ लगा हुआ है इस मंदिर के लिए कोई अलग से रास्ता नहीं है इसलिए मंदिर आने वाले लोगों को



शौचालय के रास्ते से ही आना पड़ता है मंदिर के पुजारी श्री श्याम सुंदर दास से हमने जब बात की तो उन्होंने बताया कि कैसे शौचालय की बदबू मंदिर तक आती है और उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है पंडित जी ने यह भी बताया उन्होंने कई लोगों से गुहार लगाई की मंदिर को अलग से रास्ता दिया जाए ताकि हनुमान जी के भक्त आसानी से आकर मंदिर में पूजा अर्चना कर सकें लेकिन उनकी यह बात किसी ने नहीं सुनी पंडित जी ने आप बीती में यह भी बताया कि यहां पर कई बार चोरी भी हो चुकी है और सुरक्षा व्यवस्था भी ना के बराबर है, हम अपने पाठकों से निवेदन करते हैं कि वह जब भी पीवीआर प्रिया वसंत विहार जाए तो यहां स्थित हनुमान मंदिर जरूर जाएं और कोई मंदिर के लिए सहयोग कर सके तो जरूर करें, हम हनुमान माता मंदिर में आने वाली समस्याओं के बारे में संबंधित प्रशासन को जरूर अवगत करवाएंगे।

## कार सवार ने ट्रैफिक जवानों को 20 मीटर तक बोनट पर घसीटा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** साउथ दिल्ली में थाना किशनगढ़ के बेर सराय के पास का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें ट्रैफिक जवान एक गाड़ी को रोकने की कोशिश करते हैं लेकिन कार सवार गाड़ी रोकने के बजाय गाड़ी भगा देता है और दोनों पुलिस कर्मियों को 20 मीटर तक बोनट पर चढ़े घसीटता है और फिर टकर मार के फरार हो जाता है, डीसीपी साउथ वेस्ट सुरेंद्र चौधरी के अनुसार एक पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली थी की एक गाड़ी ट्रैफिक के जेडओ को हिट करके गई, मौके पर पहुंची पुलिस



दोनों ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को इलाज के लिए सफदरजंग हॉस्पिटल लेकर गई,वसंत विहार सर्किल में तैनात एएसआई प्रमोद सिंह और एचसी शैलेश चौहान दोनों को उपरोक्त घटना में चोटें आई हैं घटनास्थल का मोबाइल क्राइम और फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया है,एएसआई प्रमोद नंबर 955/टी द्वारा दिए गए बयान के अनुसार, कथित कार चालक ने एएसआई प्रमोद और शैलेश चौहान की आधिकारिक ड्यूटी में बाधा उत्पन्न की और उपरोक्त पुलिस अधिकारियों को 20 मीटर से अधिक समय तक अपनी कार पर घसीटकर घायल कर दिया और उन्हें मारने की कोशिश की, पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर राजधानी में ट्रैफिक पुलिस भी सुरक्षित नहीं है तो आखिर सुरक्षित कौन है।

## वाराणसी में घाटों से नहीं हटी सिल्ट

**वाराणसी।** वाराणसी के गंगा घाट पर 7 नवंबर को छठ पूजा में शामिल होने के लिए लाखों लोग यहां पहुंचेंगे, लेकिन घाट सिल्ट हटाने का काम देखकर लग रहा कि आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। नगर निगम के अधिकारियों ने ठेका देकर घाट को साफ करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय की थी लेकिन अभी तक सिल्ट सफाई का बहुत सारा काम बाकी है। वाराणसी के गंगा घाट पर सिल्ट जमा होने से 15 से ज्यादा घाटों पर सीवेज लीक हो गया है। जिसके चलते गंदा पानी गंगा नदी में मिल रहा है। इसको लेकर जनप्रतिनिधियों ने शिकायत भी की है लेकिन व्यवस्थाएं सुचारू रूप से नहीं हो सकी है।

## उम्र के साथ लाइफस्टाइल में बदलाव जरूरी

▸ बढ़ने के साथ बढ़ता है हार्ट डिजीज का खतरा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** 65 से अधिक उम्र में बीमारियों की अधिकतर वजह अनहेल्दी डाइट मानी जा रही है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर का मेटाबॉलिज्म कम होने लगता है और शरीर पर फैट जमा होने लगते हैं। ये ही कई खतरनाक हार्ट डिजीज की वजह बनती हैं। जानकारी के मुताबिक, 60 साल की उम्र के बाद अपने डाइट में उन चीजों को शामिल करें, जिसमें कैलोरी कम हो लेकिन विटामिन, खनिज और फाइबर अधिक हो। इसके लिए अधिक से अधिक रंगीन फल और सब्जियां आपके




दिल के लिए बहुत अच्छी हो सकती हैं। ऐसे में जहां तक हो सके उम्र दराज लोगों को अपने पोषण में दिन में कम से कम पांच सर्विंग्स इनकी मिलना चाहिए। इसके अलावा ट्रांस फैट, चीनी, शराब, स्मोकिंग से दूरी बनाएं।उम्र बढ़ने के साथ शरीर में कैल्शियम की कमी होने लगती है। ऐसे में बोन्स की समस्या को दूर रखने के लिए आप अधिक से अधिक दही को अपने डाइट में शामिल करें। दही में भरपूर मात्रा में कैल्शियम, जिंक, विटामिन बी, प्रोबायोटिक, विटामिन डी, पाया जाता है जो हार्ट के लिए भी अच्छा होता है। अंडा प्रोटीन और विटामिन्स का बहुत ही अच्छा और आसान सोर्स है। इसमें 13 तरह के एसेंशियल विटामिन्स पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद हैं। यह हार्ट रेट को बेहतर बनाने के साथ ही मेटाबॉलिज्म को भी बेहतर बनाता है। मछली में भरपूर प्रोटीन और पोलीसैचुरेटेड फैट यानी ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है, जो बुजुर्गों की सेहत के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। यह उनके हार्ट को बीमारियों से बचाने में मदद कर सकता है।

## अकेलेपन की भावनाएं भी बनती है टाइप-2 डायबिटीज का कारण

▸ तजा अध्ययन में हुआ बड़ा खुलासा

एजेंसी

**लंदन ।** अकेलापन और टाइप-2 डायबिटीजः नया अध्ययन करता है एक गंभीर संबंध का खुलासा हालिया अध्ययन के निष्कर्षों ने यह साबित किया है कि अकेलेपन की भावनाएं टाइप-2 डायबिटीज (टी2डी) के विकास के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती हैं। डायबेटोलोजिया रिसर्च में अकेलेपन और टाइप-2 डायबिटीज के बीच संबंध की जांच की गई है, जिसमें अवसाद (डिप्रेशन) और अनिद्रा के प्रभावों का भी मूल्यांकन किया गया है।





बदलते जीवन परिवेश और बढ़ते तनाव के कारण टाइप-2 डायबिटीज के मामलों में वृद्धि हो रही है। अकेलापन एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जो कभी-कभी लंबे समय तक बनी रह सकती है और इससे कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। जब कोई व्यक्ति अकेला महसूस करता है, तो शरीर की तनाव प्रक्रिया सक्रिय हो जाती है, जिससे टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ता है।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि अकेलेपन के कारण खाने की आदतों में बदलाव आ सकता है। अकेले लोग अधिक काबोर्हाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने लगते हैं, जिससे ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है। इससे पहले हुए अध्ययनों में भी यह देखा गया है कि अकेलेपन की स्थिति में शर्करा युक्त पेय पदार्थों का सेवन बढ़ता है, जिससे डायबिटीज का खतरा बढ़ सकता है। इस अध्ययन के लिए 24,024 लोगों का सर्वेक्षण किया गया। इसमें यह देखा गया कि पिछले दो सप्ताह में लोगों ने कितनी बार अकेलापन महसूस किया और इसके स्तर का क्या असर हुआ। अवसाद के लक्षणों की गंभीरता का आकलन करने के लिए एक प्रश्नावली का उपयोग किया गया, जिसमें 7 प्रश्न शामिल थे। इस प्रश्नावली में उच्च अंक गंभीर अवसाद के लक्षणों को दशार्ते हैं। अकेलेपन और अनिद्रा की जांच के दौरान, 1,179 प्रतिभागियों में टाइप-2 डायबिटीज के विकसित होने के संकेत पाए गए। शोध में पाया गया कि जिन लोगों ने अधिक अकेलापन अनुभव किया, उनके लिए टाइप-2 डायबिटीज का खतरा अधिक था।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि अकेलेपन का प्रभाव न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि सामाजिक व्यवहार और लोगों के साथ जुड़ाव पर भी इसका गहरा असर होता है। कम सामाजिक संबंध और सकारात्मक प्रभावों की कमी अकेले लोगों के व्यवहार को और अधिक संवेदनशील बना सकती है।

## बुद्ध स्थली सारनाथ से निकलेगी 500 किमी की पदयात्रा, भगवान बुद्ध देंगे संदेश

एजेंसी

**वाराणसी।** सारनाथ में भगवान बुद्ध की उपदेश स्थली में 16 नवंबर से धम्मचारिका (पदयात्रा) शुरू होगी जो कुशीनगर में जाकर सम्पन्न होगी। इस पदयात्रा में पांच हजार उपासक-उपासिका, 500 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेंगे। इस दौरान रस्ते में पड़ने वाले गांव में बौद्ध के सन्देश को आम जन तक पहुंचाया जाएगा। यह पत्रयात्रा 8 दिसम्बर को कुशीनगर में समाप्त होगी। जहां विशाल धम्म सभा आयोजित की जाएगी। धम्म लर्निंग सेंटर के प्रभारी और इंटरनेशनल बौद्ध शोध संस्थान के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि सारनाथ भगवान बुद्ध की उपदेश स्थली है और कुशीनगर महापरिनिर्वाण स्थली। इन दोनों पवित्र स्थानों के बीच एक धम्म यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह धम्मचारिका आगामी 16 नवंबर को सारनाथ मंदिर से शुरू होकर कुशीनगर के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि इस 500 किलोमीटर की धम्म चारिका (पदयात्रा) में सारनाथ और बाहर से आने वाले पांच जहार उपासक-उपासिका हिस्सा लेंगे। ये सभी कुशीनगर पहुंचने तक रस्ते में पड़ने वाले स्थानों पर भगवान बुद्ध का शांति और सौहार्द का सन्देश देंगे। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह विश्राम के दौरान सभाएं भी की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध ने विश्व शांति और ज्ञान प्राप्ति के लिए 45 सालों तक चारिका (पदयात्रा) की थी। इसके बाद उन्होंने लोक कल्याणकारी कार्य किए और लोगों को ज्ञान का उपदेश दिया।



## परम सुंदरी में बिजनेस टाइकून का किरदार निभाएंगे सिद्धार्थ, जान्हवी की भूमिका का भी खुलासा




सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की जोड़ी ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। खबर है कि दोनों कलाकार पहली बार किसी प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धार्थ और जान्हवी एक क्रॉस-कल्चरल लव स्टोरी परम सुंदरी में स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित यह फिल्म कथित तौर पर दिसंबर में फ्लोर पर जाएगी। फिल्म शुरू होने से पहले सिद्धार्थ और जान्हवी के किरदारों के बारे में जानकारी सामने आई है।

फिल्म में सिद्धार्थ और जान्हवी का किरदार रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म विपरीत आकर्षण की एक क्लासिक कहानी है। सिद्धार्थ का किरदार दिल्ली से है, जबकि जान्हवी का किरदार केरल से है। बताया गया है कि तुषार जलोटा निर्देशित इस फिल्म में सिद्धार्थ एक अमीर बिजनेस टाइकून की भूमिका निभाएंगे। जान्हवी के किरदार के बारे में बताया बताया गया कि जान्हवी एक आधुनिक कलाकार की भूमिका निभा रही हैं, जिसके विचार और मूल्य मजबूत हैं। उनका किरदार केरल की एक दक्षिण भारतीय महिला का है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दोनों अलग-अलग व्यक्तित्व होने के बावजूद प्यार में पड़ जाते हैं। उनकी फिल्म का पहला शेड्यूल सिद्धार्थ के साथ दिल्ली में शुरू होगा। इसके बाद केरल में कुछ समय बिताया जाएग और बाद में बाकी शूटिंग मुंबई के एक स्टूडियो में होगी। स्टूडियो में दो बड़े सेट बनाए जाएंगे। एक सेट विशाल घर का होगा, जबकि दूसरा पारंपरिक केरल के घरों के अंदरूनी हिस्सों को दर्शाएगा।

परम सुंदरी के बारे में आगे बताया गया कि अगर चीजें योजना के अनुसार होती हैं तो फिल्मांकन फरवरी 2025 तक पूरा हो जाएगा।



## वरुण धवन की आने वाली फिल्म की अभिनेत्री हुई तय



वरुण धवन के करियर की गाड़ी बहुत ही शानदार चल रही है। वह हर तरह की फिल्मों का हिस्सा बन रहे हैं, अपना एक्टिंग टैलेंट दर्शकों के सामने लगा रहे हैं। जल्द ही वरुण अपने पिता के साथ रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भी करने वाले हैं। इस फिल्म का नाम है जवानी तो इश्क होना है रखा गया है। अब तक इस फिल्म के लिए हीरोइन की तलाश की जा रही थी, अब खबर मिली है कि फिल्म में वरुण के अपोजिट हीरोइन का नाम तय कर लिया गया है।

### पूजा हेगड़े के साथ रोमांस करेंगे वरुण

फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में वरुण के साथ जिस हीरोइन को लिया गया है, उनका नाम पूजा हेगड़े है। पूजा बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में जाना-पहचाना नाम हैं। उन्होंने सलमान खान से लेकर ऋतिक रोशन जैसे कलाकारों के साथ पर्दे पर इश्क फरमाया है। पूजा हेगड़े, ऋतिक रोशन के साथ फिल्म मोहनजोदड़ो में नजर आईं, साथ ही उन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म किसी का भाई किसी की जान में बतौर हीरोइन काम किया। अब वह वरुण के साथ है जवानी तो इश्क होना है में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह वरुण के साथ रोमांस करेंगी। पूजा हेगड़े भी वरुण धवन के साथ फिल्म करने को लेकर खुश हैं। उनका कहना है कि वह लंबे समय से अलग किस्म के रोल तलाश रही हैं।

### मौजूदा काम खत्म कर करेंगे वरुण शूटिंग

अभी तो वरुण धवन अपनी एक फिल्म बेबी जॉन को लेकर व्यस्त हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, इसमें वरुण का अलग ही अंदाज नजर आएगा। जब वह इस फिल्म के प्रमोशन को पूरा कर लेंगे, तब ही अपने पिता डेविड धवन की अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

### अगले साल आएंगी कुछ और फिल्में भी

वरुण धवन है जवानी तो इश्क होना है के अलावा एक और फिल्म में भी अगले साल नजर आ सकते हैं। जिसमें उनके साथ जाह्नवी कपूर होंगी। इस फिल्म का नाम सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी है। जाह्नवी और वरुण की जोड़ी पर्दे पर अच्छी नजर आती है, वे पहले भी फिल्म बवाल (2023) में साथ नजर आ चुके हैं।



## श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाएंगे विक्रांत मैसी!

हिंदी फिल्मों में जब से विक्रांत मैसी ने कदम रखा है अलग किस्म के किरदार किए हैं। वह बतौर कलाकार अपने किरदारों के साथ खूब प्रयोग करते हैं। अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर किरदार को पर्दे पर जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करती हैं। साथ ही बतौर कलाकार भी उन्हें खूब तारीफें मिलती हैं। जल्द ही वह एक अलग तरह की भूमिका करते हुए नजर आएंगे। अपनी आने वाली फिल्म में वह आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभाएंगे।

### फिल्म में दिखाई जाएगी श्री श्री रविशंकर की जीवन यात्रा

श्री श्री रविशंकर की बायोपिक में उनकी जीवन यात्रा को दिखाया जाएगा, उनके मानवतावादी कामों की झलक मिलेगी। उनके शांति और प्रेम को संदेश को फिल्म के जरिए देश और दुनिया को दिखाया जाएगा। इसी यात्रा को विक्रांत मैसी बखूबी दिखाने की पूरी कोशिश करना चाहते हैं।

### न्याय करेंगे गुरु जी की भूमिका के साथ

साल 2023 में रिलीज हुई विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल को खूब सराहा गया। वहीं इसी साल रिलीज हुई विक्रांत की फिल्म सेक्टर 36 भी बहुत चर्चित रही। यह फिल्म नोएडा के निठारी कांड से प्रेरित रही। जिस तरह से विक्रांत ने इन फिल्मों में अपने किरदार निभाए हैं, उससे यह तो उम्मीद की जा सकती है कि वह श्री श्री रविशंकर की बायोपिक के साथ भी पूरा न्याय करेंगे।



## नयनतारा की डॉक्यू फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा

अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी डॉक्यू फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसका नाम नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल है। इस फिल्म में अभिनेत्री के निजी जिंदगी से जुड़े अनसुने पहलुओं को दिखाया जाएगा। अब इस डॉक्यू फिल्म पर नई जानकारी सामने आई है। नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल नवंबर में नेटफ्लिक्स पर आएगी। स्ट्रीमिंग पार्टनर ने डॉक्यू-फिल्म का पोस्टर जारी किया और इसके रिलीज की तारीख से पर्दा भी उठाया। शुरुआत में डॉक्यूमेंट्री फिल्म नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल एक शादी की फिल्म के रूप में शुरू हुई थी। फिर बाद में यह उनके शानदार करियर और उनके पारिवारिक जीवन के बारे में एक डॉक्यू-फिल्म में बदल गई। डॉक्यूमेंट्री में सरोगेसी के जरिए अभिनेत्री के मां बनने और उससे जुड़े विवाद को भी दिखाया गया है। नेटफ्लिक्स ने नयनतारा की फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए खुलासा किया कि यह डॉक्यू फिल्म 18 नवंबर को रिलीज होगी। इस दिन नयनतारा का जन्मदिन भी है। ऐसे में नयनतारा की फिल्म उनके जन्मदिन पर प्रशंसकों के लिए एक तोहफा होगा। 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स इंडिया साउथ ने एक्स पर डॉक्यूमेंट्री की रिलीज की तारीख की घोषणा की। डॉक्यूमेंट्री का रन-टाइम एक घंटा 21 मिनट है। पोस्टर को साझा करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, एक स्टार ऑन-स्क्रीन और एक स्टार इन लाइफ। 18 नवंबर को नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल देखें, केवल नेटफ्लिक्स पर। दो साल पहले नेटफ्लिक्स पर नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल का टीजर रिलीज किया गया था। टीजर में नयनतारा और विग्नेश शिवन को अपने रिश्ते और अपनी शादी की तैयारियों के बारे में बात करते हुए देखा गया था। उन्होंने प्रशंसकों द्वारा उन्हें दिए गए टैग और अपने करियर विकल्पों के बारे में भी बात की।

### नयनतारा की आगामी फिल्में

नयनतारा को उनके प्रशंसक लेडी सुपरस्टार के नाम से जानते हैं। वह दो तमिल फिल्मों, टेस्ट और मन्नंगट्टी सिंस 1960 की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। वह वर्तमान में अभिनेता कविन के साथ एक अनाम फिल्म और निविन पॉली के साथ डियर स्टूडेंट्स की शूटिंग कर रही हैं।



## कंगुवा अभिनेता सूर्या ने की बॉबी देओल की तारीफ

साउथ अभिनेता सूर्या अपनी फिल्म कंगुवा के प्रमोशन में बिजी हैं। सूर्या ने हाल ही में फिल्म कंगुवा के प्रमोशन के दौरान अपनी फिल्म और पसंदीदा सितारों को लेकर बात की। फिल्म कंगुवा के ऑडियो लॉन्च के दौरान सूर्या ने सभी को इस समारोह में आने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने, अन रथथमुम एन रथथमुम वेरु वेरा लाइन का इस्तेमाल किया। कंगुवा फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी और अभिनेता बॉबी देओल भी नजर आने वाले हैं। लॉन्च इवेंट में सूर्या ने दोनों बॉलीवुड सितारों के लिए भी कुछ बातें कही हैं।

### फिल्म का संगीत है बहुत ही खास

अभिनेता सूर्या के लिए फिल्म का संगीत बहुत ही खास है। सूर्या ने इस समारोह में कहा कि देवी श्री प्रसाद यानी डिएसपी भाई का मेरे फिल्म करियर में खास योगदान है। हमने कई फिल्मों में एक साथ काम किया है। उन्होंने कंगुवा में काम करने की बात सोची थी और फिल्म की हकीकत ने मुझे इस कल्पना को सच होते देखा है। इस फिल्म का संगीत बहुत ही खास है।

### बॉबी देओल से भी कही ये बात

सूर्या ने बॉबी देओल से कहा, आप मेरे भाई की तरह हैं। आपका स्टारडम बहुत बड़ा है। जब वह सेट पर आते थे, तो ऐसा लगता था जैसे कोई सितारा जमीन पर उतर आया हो। सूर्या ने कहा कि कंगुवा बॉबी के प्रोजेक्ट में आने के बाद एक अखिल भारतीय फिल्म बन गई।





## सिंहासन के लिए भिड़ेंगे अली फजल-आदित्य रॉय कपूर

राज एंड डीके की आगामी नेटफ्लिक्स सीरीज रक्त ब्रह्माण्ड अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। इस सीरीज के कलाकारों को लेकर समय-समय पर तमाम रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं। वहीं, ताजा रिपोर्ट की मानें तो आदित्य रॉय कपूर और अली फजल इस सीरीज में एक रोमांचक प्रतिद्वंद्विता को जीवंत करने के लिए तैयार हैं, जहां वे सिंहासन के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले विरोधी राजकुमारों की भूमिका निभाएंगे।

### क्या होगी रक्त ब्रह्माण्ड की कहानी?

तुम्बाड फेम राही अनिल बर्वे द्वारा निर्देशित यह सीरीज फंतासी और एक्शन के एक मनोरंजक मिश्रण का वादा करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पुरस्कार विजेता लेखक जी.ए. कुलकर्णी की प्रसिद्ध मराठी लघु कहानी विधुशाक पर आधारित है। रक्त ब्रह्माण्ड एक पौराणिक दुनिया में प्रवेश करती है जहां दो शाही भाई सत्ता की तलाश में आपस में भिड़ते हैं। राजा के रूप में अपने स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रत्येक राजकुमार को विस्तृत परीक्षणों की एक सीरीज के माध्यम से अपनी ताकत और बुद्धि साबित करनी होगी।

### राही अनिल बर्वे ने बनाई योजना

लघुकथा के रूप में कहानी की उत्पत्ति ने एक गहन, एकल-स्थान कथा प्रदान की और निर्देशक बर्वे ने इस दुनिया को और अधिक विस्तारित करने की क्षमता देखी। प्रारंभ में एक फीचर फिल्म पर विचार करते हुए, उन्होंने आखिरकार निर्णय लिया कि कहानी की गहराई को सीरीज प्रारूप में सबसे अच्छा प्रदर्शित किया जा सकेगा।

### राज एंड डीके होंगे निर्माता

जब राज एंड डीके और पटकथा लेखक सीता आर. मेनन शामिल हुए तो यह सीरीज नेटफ्लिक्स भारत की पहली भव्य फंतासी सीरीज में विकसित हुई। इसमें छह एक्शन से भरपूर एपिसोड थे जो देखने में आकर्षक और भावनात्मक रूप से जुड़ाव के अनुभव का का वादा करते हैं। मूल कहानी एक शाही दरबारी विदूषक के इर्द-गिर्द केंद्रित है, जिसे एक भाई ने अपने भाई-बहन को मात देने की दौड़ में मुख्य सलाहकार के रूप में चुना था। सीरीज रूपांतरण में, दर्शक इस किरदार को साजिश और अप्रत्याशितता की परतें जोड़ते हुए देखने की उम्मीद कर सकते हैं। दो मुख्य किरदारों के रूप में आदित्य रॉय कपूर और अली फजल के अलावा सामंथा रुथ प्रभु और वामिका गब्बी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



## अभिनय ही नहीं, लेखन में भी आगे हैं टिस्का



अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा अपना जन्मदिन मना रही हैं। कई चर्चित टीवी शो के अलावा टिस्का ने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। फिल्म तारे जमीन पर में टिस्का ने ईशान की मां का रोल निभाया। टिस्का ने अलग-अलग भाषाओं की 45 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है, ओटीटी सीरीज में भी वे नजर आ चुकी हैं। अंग्रेजी साहित्य से ग्रेजुएट टिस्का ने थिएटर में काफी काम किया है, वे अभिनेत्री होने के साथ-साथ लेखक भी हैं। उनकी लिखी किताब एक्टिंग स्मार्ट बेस्ट सेलर है। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने एयर इंडिया में पायलट संजय चोपड़ा के साथ शादी रचाई।

चेतना मंच | website:www.chetnamanch.com | Chetna Manch | Chetna Manch | गौतमबुद्धनगर | नोएडा | सोमवार, 04 नवंबर, 2024


# दीपावली पर 25 करोड़ रूपये की शराब गटक गए शहरवासी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दीपावली के त्योहार पर गौतमबुद्धनगर के निवासियों ने 25 करोड रुपए की



शराब गटक ली। यह पिछले वर्ष के साक्षेप में करीब 25 प्रतिशत ज्यादा है। अक्टूबर माह में गौतम बुद्ध नगर में लोगों ने 250 करोड रुपए की मदिरा पी, जबकि पिछले वर्ष अक्टूबर माह में 204 करोड़ की मदिरा बिकी थी।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दीपावली के पर्व पर 29 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर के बीच 25 करोड रुपए की अंग्रेजी, देसी मदिरा तथा बियर की बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दीपावली के अवसर पर करीब 18 करोड़ की मदिरा बिकी थी। उनके अनुसार यह बिक्री करीब 25 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अक्टूबर माह में शराब की बिक्री करीब 23 प्रतिशत ज्यादा हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अक्टूबर माह में 204 करोड़ की मदिरा बिकी थी, जबकि इस वर्ष 250 करोड़ की मदिरा बिकी है। उन्होंने बताया कि जनपद में करीब 564 शराब की दुकानें हैं, जिनमें विदेशी शराब की, देशी शराब की, मॉडल शॉप और बीयर की दुकान हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए आबकारी विभाग लगातार कार्य कर रहा था। उन्होंने बताया कि शराब तस्करी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया, तथा कच्ची शराब बनाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त व कलम की पूजा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ऐस सिटी ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सोसाइटी स्थित मंदिर में चित्रगुप्त भक्तों बड़ी धूम धाम से भगवान चित्रगुप्त व कलम दवात की श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी पंडित राकेश ने विधिवत पूजा सम्पन्न कराई। चित्रगुप्त व उनके वंशज दिवाली वाले दिन अपनी कलम के कार्य बंद कर कलम को मंदिर में रख देते हैं और दो दिन बाद कलम की पूजा करने के बाद ही प्रयोग में लाते हैं। सादे कागज पर अपनी कलम से समस्त पूजनीय भगवानों का नाम लिखकर ही यह पूजा पूर्ण होती है। पूजा अर्चना के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

पूजा में मुख्य रूप से बद्री नारायण श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, पीयूष, मुकेश,समीर, कुणाल व विवेक श्रीवास्तव सम्मिलित रहे।

## भगवान चित्रगुप्त और कलम दवात का पूजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** यमद्वितीया के पावन अवसर पर रविवार को कायस्थ समाज ने अपने कुलदेवता भगवान श्री चित्रगुप्त और कलम दवात की पूजा का आयोजन धूमधाम से किया। इस अवसर पर नवादा स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर, मिहिर भोज सिटी पार्क के निकट भक्तों का तांता लगा रहा।

मंदिर के पुजारी पंडित रामदेव शास्त्री ने विधि-विधान के साथ पूजा और हवन संपन्न कराया। गुरुकुल द म्युजिकोलॉजी फाउंडेशन के बच्चों ने भजन संध्या प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। 'जयचित्रगुप्त यमेश तव शरणागतम' और भगवान श्री चित्रगुप्त की स्तुति से मंदिर परिसर गूंज उठा।

आरती के बाद भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य आरती व विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सभी समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। विदित है कि भगवान चित्रगुप्त, यमराज के दरबार में सभी प्राणियों के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। यमद्वितीया के दिन कायस्थ समाज के लोग कलम दवात की पूजा कर अपने कुलदेवता की अर्चना करते हैं।

इस कार्यक्रम में कायस्थ समाज के प्रमुख सदस्य संजय श्रीवास्त,निशीथ श्रीवास्तव, राजेश माथुर, अनिल श्रीवास्तव, कर्नल राजेश कुमार वर्मा , विश्वन्धु निगम, धर्मेन्द्र बच्चन, अरविंद श्रीवास्तव (एडवोकेट), शैलेन्द्र श्रीवास्तव, रोहित प्रियदर्शन, राघवेंद्र श्रीवास्तव, सुधीर सक्सेना सहित अन्य चित्रांश परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन ने धार्मिक श्रद्धा और समाज की एकजुटता का संदेश दिया, जहां कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त की कृपा प्राप्त करने के लिए अपने सामूहिक संकल्प को सुदृढ़ किया।

## बैंक खुलते ही बढ़ी पुलिस की सतर्कता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** त्यौहार के दौरान चार-पांच दिन की छुट्टियों के बाद आज बैंक और दफ्तर खुल गए हैं। आज बैंको में रुपये जमा कराने वाले और निकालने वालों कि अधिक संख्या है। इसका कारण है कि विभिन्न कंपनियों में लोगों को नगद में वेतन भी बांटना होता है। इस सबको देखते हुए आज सुबह से ही नोएडा पुलिस ने अलग अलग क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी।

डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह के साथ साथ एडीसीपी मनीष मिश्रा स्वयं अलग अलग जगह जाकर सुरक्षा को परख रहे हैं। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अपने क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों के साथ साथ लोगों की चेकिंग कराएं। सेक्टर-58 थाना प्रभारी अमित कुमार सड़क पर वाहनों की सघन चेकिंग करते नजर आए तो थाना सेक्टर-20 प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला सेक्टर-18 में बैंको के बाहर सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहे।











**जन्मदिन की बधाई**



तुम जियो हजारों साल
साल के दिन हो पचास हजार

भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनिल पंडित निवासी-हबीबपुर के जन्मदिन पर चेतना मंच की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

चेतना मंच परिवार


# सेक्टर-75 में छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर, छठ घाट का हो रहा है निर्माण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सूर्योपासना के महान पर्व छठ की तैयारियां नोएडा के कई सेक्टरों में जोरों से चल रही हैं। सेक्टर-75 में श्री छठ पूजा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

महोत्सव की आयोजक संस्था श्री सूर्यदेव पूजा समिति नोएडा के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने हेतु छठव्रतियों के लिए सेक्टर-75 स्थित गोल्फसिटी,प्लाट-8 के सेंट्रल पार्क में 60 फीट लंबा,25 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा छठ घाट का निर्माण जोरों से चल रहा है। निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। छठ घाट में अर्घ्य हेतु शुद्ध जल की व्यवस्था की जायेगी। घाट पर प्रकाश की उत्तम व्यवस्था रहेगी।घाट और पार्क को साफ-सुथरा किया जाएगा।

श्री छठ पूजा महोत्सव के आयोजक श्री सूर्यदेव पूजा समिति नोएडा के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि 7 नवंबर के सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान करने के उपरांत सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। हिंदी, भोजपुरी, मैथिली,अंगिका, मगही, पंजाबी सहित विभिन्न लोकभाषाओं में गीत और संगीत का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रख्यात भोजपुरी गायिका सरिता सरगम,भोजपुरी गायिका पूनम पांडे, प्रख्यात हिंदी गायक एस डी सिंह, भजन गायिका आदि गायक गायिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज छठ घाट पर श्री सूर्यदेव पूजा समिति की आयोजन समिति की बैठक हुई,जिसमें समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा, संयोजक ओ.पी.तिवारी, महासचिव राजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभात राय, सहसंयोजक आर.के.श्रीवास्तव, सुनील अग्रवाल, अनमोल सिंह, उत्पल कुमार, डॉ. शशांक शेखर, अतुल जैन, मनीष यादव, विनय ठाकुर, किरण कुमार, मनीष झा, अनुराग श्रीवास्तव, प्रभात चंदन आदि उपस्थित थे।

## प्रवासी महासंघ करेगा भव्य छठ पूजा का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रवासी महासंघ द्वारा बिहार एवं पूर्वांचल का सवसे प्रचलित पुरातन व धार्मिक महापर्व छठ पूजा का आयोजन इस वर्ष भी धूमधाम से किया जाएगा।

संस्था के अध्यक्ष आलोक वत्स ने बताया कि पूजनोत्सव का आयोजन 7 नवम्बर दिन गुरुवार को नोएडा स्टेडियम में किया गया है। 7 नवम्बर को पहला अर्घ्य एवं 8 नवम्बर 2024 की सुबह दूसरा अर्ध्य है। छठ पूजा के लिए स्टेडियम परिसर में ही एक विशाल घाट का निर्माण नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से किया जा रहा है, जहाँ छठ पूजा का अर्घ्य दिया जायेगा। संस्था द्वारा छठ घाट पर छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम की समुचित व्यवस्था की जाएगी एवं घाट के चारो तरफ ईंट का कृत्रिम सीढ़ी का निर्माण किया जायेगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 100 बोलिएंटर तथा सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन की भी व्यवस्था की जाएगी।

श्री वत्स ने बताया कि छठ पूजनोत्सव के शुभ अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन सायं 4 बजे से रखा



गया है, जिसमे प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना अनु सिन्हा की टीम एवं भोजपुरी संगीत के कई लोकप्रिय और नामी कलाकार भाग लेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद गौतमबुद्धनगर डॉ. महेश शर्मा, अतिविशिष्ट अतिथि नोएडा विधायक पंकज सिंह, विशिष्ट अतिथि श्रीमती विमला बाथम, पूर्व अध्यक्षा उत्तर प्रदेश महिला आयोग तथा सच्चिदानंद राय पूर्व डीआईजी सहित कई गणमान्य व्यक्ति हिस्सा लेंगे।

इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष आलोक वत्स, कार्यकारी अध्यक्ष टी एन चौरसिया, महासचिव अवधेश राय, कोषाध्यक्ष श्रीमती छाया राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह तथा संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी मिथलेश राय, सुनील कुमार राय, विकास तिवारी आनंद राय, विजय कुमार सिंह, मीनाक्षी साही, छोटेलाल शर्मा, अभिनव पांडेय, अनुज त्रिपाठी, कमलेश तिवारी, राजेश तिवारी, नितांत चौधरी एवं अन्य माननीय सदस्य उपस्थित रहेंगे।